हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



भारत ने दुनिया को दिखाया 'दम'...
घर में घुसकर भी 'मारते' हैं, घर से 'उठाकर' भी लाते हैं...



# 'आतंकी राणा' बोलेगा 26/11 के राज खोलेगा

केंद्र सरकार ने नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया, जो एनआईए की तरफ से सुनवाई में शामिल हुए। वही, पहुंचाएंगे उसे फांसी तक

मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे

**1** खत्म हुआ 17 साल का लंबा इंतजार... शिंकजे में आ गया मुंबई हमले का गुनहगार

**2** स्वाट कमांडो की टीम राणा को पालम टेक्निकल एयरपोर्ट से लेकर एनआईए मुख्यालय पहुंची

## मुंबई से राणा के लौटने के बाद ये ताबड़तोड़ हमले हुए थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के 17 साल बाद गुरुवार मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा भारत आ गया है। अपरान्ह 6.45 बजे उसका विमान दिल्ली के आइजीआई एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। एनआईए ने उसे अपने कब्जे में ले लिया है। कुछ जरूरी कागजी कार्रवाई के बाद उसे एनआईए दफ्तर ले जाया गया। मेडिकल जांच के बाद उसे सीधे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। राणा की कस्टडी की मांग कोर्ट से की गई। वो एक दशक से भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### और, पाकिस्तान हो जाएगा बेपर्दा

▶▶ अब उससे पूछा जाएगा कि पाक में बैठे किन आकाओं ने भारत के खिलाफ छेड़ा था रण

▶▶ जैसे ही वह यह राजफाश करेगा पाकिस्तान आतंकवाद पर दुनिया के सामने हो जाएगा एक्सपोज

### एनआईए ने जारी किया आतंकी का पहला फोटो



राणा के प्रत्यर्पण पर मोदी सरकार श्रेय लेने में क्यों जुटी ? ये तत्कालीन यूपीए सरकार की सफल रणनीति का है परिणाम: चिदंबरम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण को लेकर वर्तमान भाजपा-नीत एनडीए सरकार पर प्रत्यर्पण का अनुचित श्रेय लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, राणा का प्रत्यर्पण तत्कालीन यूपीए सरकार की डेढ़ दशक की मेहनत का परिणाम है। चिदंबरम ने कहा कि तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण कोई दिखावटी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह यूपीए सरकार द्वारा 2009 में शुरू की गई कूटनीतिक, कानूनी और खुफिया प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गिरफ्तारी के बाद एनआईए राणा के साथ क्या करेगी?

*इससे पहले तहव्वुर राणा की हवाई अड्डे पर मेडिकल जांच की गई और और हवाई अड्डे पर मौजूद डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उसकी गिरफ्तारी ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। इसके बाद ही एनआईए की टीम आगे की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गई। एनआईए की स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह के सामने पेश किया गया। राणा के भारत में आते ही एनआईए ने एक प्रेस रिलीज जारी की है। बताया कि तहव्वुर हुसैन राणा को कैसे भारत लाया गया।*

▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये है भारत के बढ़ते कद के सबूत

▶▶ पहला फैक्टर है कानूनी दांव-पेच, दरअसल तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है, ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया।

▶▶ राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बढ़ती हुई कूटनीतिक पहुंच, इसके अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का सबूत है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व की बाइडेन सरकार या मौजूदा ट्रंप सरकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कहां रखा जाएगा राणा को?

▶▶ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फरवरी में संकेत दिए थे कि तहव्वुर राणा को उसी जेल में रखा जाएगा, जहां 26/11 हमले को अंजाम देने वाले आतंकी अजमल कसाब को रखा गया था।

▶▶ दूसरी तरफ दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी तहव्वुर राणा के लिए उच्च सुरक्षा वाला जेल वार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, राणा को कहां रखा जाएगा इस पर अंतिम फैसला गृह मंत्रालय लेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

### मस्क का ऐलान, छात्रों के लिए सुपरग्रोक फ्री

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में एक पोस्ट में बताया कि छात्रों के लिए सुपर ग्रोक फ्री में उपलब्ध है, लेकिन इस ऑफर के साथ कुछ शर्तें हैं। पोस्ट में साफ किया है कि छात्रों को ग्रोक डॉट कॉम पर सुपर ग्रोक की सुविधा सिर्फ दो महीने के लिए मुफ्त में मिलेगी और यह तभी संभव है जब छात्र (ईडीयू) ईमेल आईडी के जरिए लॉगिन करें। ईडीयू डोमेन सिर्फ अमेरिका की यूनिवर्सिटीज को दिया जाता है, इसलिए भारत में पढ़ रहे छात्रों के लिए यह सुविधा नहीं है। आने वाले समय में वे दूसरे देशों के ईडीयू जैसे ईमेल एड्रेस को भी सपोर्ट शुरू करेंगे।



आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ

## पीएम मोदी आज ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे

गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित



आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गो-शाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गो-वंश है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा कई स्कूल संचालित हैं। जहां 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केंद्र कई अन्य महानगरों में संचालित हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट एवं इसके अन्य आश्रमों में वैशाखी, गुरु पूर्णिमा, दीपावली, मकर संकाति और श्री परमहंस जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया जाता है।

## कैप्टन अजय यादव की जगह अब बिहार के डॉ. अनिल यादव होंगे एआईसीसी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लगभग चार महीने के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी को ओबीसी मोर्चा का नया अध्यक्ष मिल गया। बिहार के डॉ. अनिल जयहिंद को मोर्चे का नया अध्यक्ष बनाया गया है। हरियाणा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव के अक्टूबर 2024 में इस्तीफे की वजह से मोर्चा का अध्यक्ष पद खाली था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में खासकर सूबे के अहिरवाल क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की दुर्गति के साथ अपने बेटे चिरंजीव राव को भी न जिता पाने की कसक लिए एआईसीसी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरियाणा के रेवाड़ी से छह



बार विधायक रहे कैप्टन अजय यादव ने पांच महीने पहले ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और मोर्चे के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने से पहले उन्होंने मोर्चा अध्यक्ष पद को झुनझुना बताया था। सूबाई सियासत में हुड्डा खेमे से उनकी अदावत जग जाहिर है। बाद में पार्टी की प्राथमिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया

## कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा से 7 महीने में एआईसीसी सचिव और पंजाब का प्रभार छीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी में फेरबदल की शुरूआत हो गई। मप्र के तेजतर्रार प्रवक्ता आलोक शर्मा की एआईसीसी सचिव सह पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से महज 7 महीने के अल्प कार्यकाल में कार्य मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक आदेश जारी किया। एआईसीसी के मीडिया पैनलिस्ट के रूप में वे अपनी भूमिका जारी रखेंगे। सूत्रों ने बताया कि पंजाब संगठन



और प्रभारी महासचिव और छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नापसंदगी को भी आधार माना जा रहा है। गत 30 अगस्त 2024 को ही आलोक शर्मा को सचिव बनाकर पंजाब का प्रभार दिया था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उस समय कई राज्यों के लिए नए सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की थी। पंजाब में कांग्रेस पिछले कुछ समय से आंतरिक मतभेदों और नेतृत्व के मुद्दों से जूझ रही है। हाल के वर्षों में, पार्टी ने कई बड़े बदलाव देखे हैं। 2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाना और चरणजीत सिंह चन्नी को नियुक्त करना, साथ ही नवजोत सिंह सिद्धू के साथ चल रहे विवाद। ये एक ऐसा प्रदेश है जो कांग्रेस के लिए मुफीद है बस एक पंजाबियों का पुरसाहाल उनकी ▶▶ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### बेगमपुर मार्केट में किराने की दुकान में लगी आग

नई दिल्ली। बेगमपुर मार्केट में बृहस्पतिवार को एक किराने की दुकान में आग लग गई। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की नौ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह नौ बजकर 11 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल के नौ वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग बेगमपुर मेन मार्केट के एचडीएफसी बैंक एटीएम के पास किराने की दुकान में लगी थी।

### लाल किले और जामा मस्जिद पर बम विस्फोट की मिली फर्जी धमकी

**नई दिल्ली**। स्कूलों के बाद अब लाल किले और जामा मस्जिद को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। गुरुवार को बम विस्फोट करने की धमकी मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच की। हालांकि जांच के बाद धमकी फर्जी पायी गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर स्मारक परिसर में बम होने की सूचना मिली और टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि हमने घटनास्थल पर दमकल का एक वाहन भेजा और वहां गहन तलाशी ली गई। घटनास्थल पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इस बीच दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि सूचना मिलने पर बम निरोधक दस्ता और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने पूरे परिसर की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि यह एक फर्जी सूचना थी।

### सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में कूदा शख्स, पुलिस ने बचाया

**नई दिल्ली**। सिग्नेचर ब्रिज से यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाले 30 वर्षीय एक व्यक्ति को पुलिस ने समय रहते बचा लिया। दिल्ली निवासी विक्की (30) ने पुलिस को बताया कि उसने पिता से झगड़े के बाद यह कदम उठाया था। पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12.20 बजे की है। उसी समय क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात पेट्रोलिंग टीम के कर्मचारी हेड कांस्टेबल अजय, ओम प्रकाश और मूला राम ने यह घटना देखी। पुलिसकर्मियों ने निजी गोताखोरों और नाव की मदद से विक्की को बेहोशी की हालत में नदी से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक विक्की को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और उसके पिता को इस बारे में सूचित किया गया। बाद में आवश्यक उपचार के बाद उसे परिवार को सौंप दिया गया।

## महरौली में भी पकड़ा गया एक बांग्लादेशी

# 20 साल से दिल्ली में छिपे तीन बांग्लादेशी प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 20 साल से भारत में रह रहे तीन बांग्लादेशी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स बवाना इलाके में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। इनके पास से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य जाली दस्तावेज भी बरामद हुये हैं। वहीं दक्षिण-पश्चिम जिले के महरौली से भी एक बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया है। वह भी करीब 15 साल से दिल्ली में रह रहा था।

डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान मुस्ताक, शाहिद खान और मिंटू के रूप में हुई है। रिश्ते में तीनों बाप-बेटे हैं। ये लोग डंकी रूट से सीमा पार कर पहले बंगाल पहुंचे थे और फिर ट्रेन मार्ग से दिल्ली आए थे। अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इसी के मद्देनजर क्राइम ब्रांच साप्ताहिक बाजारों में भी सर्च ऑपरेशन चला रही है। हाल ही में पुलिस को जांच के दौरान सूचना मिली थी कि बवाना में बांग्लादेशी अप्रवासियों का एक परिवार रह रहा है। अगर छापेमारी की जाए तो उन्हें पकड़ा जा सकता है। इसके बाद बवाना में छापा मार तीनों को पकड़ लिया गया। कुछ सालों से वे जेजे कॉलोनी, बवाना में बस गए थे।

उधर दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने भी अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे एक बांग्लादेशी घुसपैठिये को पकड़ा है। मोहम्मद मोंटो 15 साल से महरौली में रह रहा था। जिले की स्पेशल स्टाफ ने इसे गिरफ्तार किया है। वह बागिरहाट का रहने वाला है। पुलिस को उसके पास कोई भी वैध भारतीय दस्तावेज नहीं मिला है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश कर डिपोर्ट करवाया जा रहा है।

# लाखों की प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के साथ युवक पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हौज काजी इलाके से पुलिस ने विदेशी सिगरेट की खेप जब्त की है। 40 वर्षीय एक इंटीरियर डिजाइनर के फ्लैट से सिगरेट बरामद हुई। इसकी बाजार कीमत 8.04 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गये शख्स का नाम मोहम्मद दानिश बताया गया है। इसे आठ अप्रैल को पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर दानिश के फ्लैट पर छापा मारा गया और पांच लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की 80,400 सिगरेट बरामद की गई। इन सिगरेट पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनिवार्य वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनियां नहीं थी, जिससे सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) के तहत इनकी बिक्री अवैध हो गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से प्रतिबंधित सिगरेट की तस्करी और आपूर्ति में संलिप्त था। उसने फरमान नामक व्यक्ति और उसके सहयोगियों से सिगरेट खरीदीं तथा मुनाफे पर स्थानीय विक्रेताओं को बेचा। दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से बीए (ऑनर्स) की डिग्री रखने वाला दानिश मौजपुर में एक 'फिश एक्वेरियम' से संबंधित दुकान का मालिक है और 'इंटीरियर डिजाइनर' के रूप में भी काम करता है। पुलिस ने बताया कि वह जल्द पैसा कमाने के लालच में इस अवैध व्यापार में शामिल हुआ था। इससे जुड़े लोगों की तलाश जारी है।

# एयर टिकट के नाम पर लोगों को चूना लगा रहे रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सस्ते एयरलाइन टिकटों का लालच देकर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाने वाले रैकेट का पर्दाफाश आउटर नॉर्थ जिले की साइबर पुलिस ने किया है। ऑनलाइन एयर टिकट बुकिंग रैकेट से जुड़े दो लोगों को मुंबई और दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से इस रैकेट को संचालित कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से 19 नवंबर 2024 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता राजीव चोपड़ा निवासी भगत सिंह पार्क, सिरसपुर को 47,681 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी को शिकार बनाया गया था। शिकायतकर्ता ने फेसबुक पर दिल्ली से टोरंटो के लिए सस्ते दामों पर हवाई टिकट का विज्ञापन देखा था। उसके बाद दिये गये नंबर पर संपर्क किया जो एक वर्चुअल मोबाइल नंबर था। उस वर्चुअल नंबर के व्हाट्सएप पर चैट करने के बाद जालसाजों ने उन्हें सस्ते हवाई टिकट की पेशकश की और शिकायतकर्ता से अपना विवरण साझा करने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता को पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। जांच के दौरान संदिग्ध नंबरों और बैंक खातों में पंजीकृत मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल हासिल की गई और पैसों की लेन-देन का पता लगाया गया। जांच के दौरान महाराष्ट्र के कई स्थानों पर छापे मारे गए। महाराष्ट्र और लाजपत नगर से रोहित राजाराम घनेकर और सलमान सईद सिद्दीकी को पकड़ा गया। मास्टरमाइंड सलमान सईद सिद्दीकी है। उसे पहले ग्रेटर मुंबई के सहार पुलिस स्टेशन में इसी तरह के एक मामले में 2023 में सस्ती अंतरराष्ट्रीय टिकटें देने के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 22 डेबिट और क्रेडिट कार्ड, छह चेक बुक/पास बुक, चार वाईफाई राउटर, एक टैब फोन, एक वाईफाई पॉड, एक स्टाम्प और तीन सिम कार्ड बरामद हुये।

# भाजपा 10 साल पहले वाले पॉवर कट के दौर को वापस लाई : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप)ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, बिजली कटौती भी बढ़ती जा रही है। बुधवार को लोग खासे परेशान रहे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पावर कट की शिकायतें की। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष आतिशी ने दर्जनों शिकायतों को रीट्वीट किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि पावर कट का 10 साल पहले वाले दौर वापस लौट आया है। वहीं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि बुधवार को दिल्ली में पीक डिमांड 5462 मेगावॉट थी। केवल इतने में ही बुधवार की रात पूरी दिल्ली में कई जगहों पर कई-कई घंटे बिजली नहीं आई। पिछले साल पीक डिमांड लगभग 8500 मेगावॉट पहुंच गई थी। फिर भी हमारी सरकार के दौरान दिल्ली में कहीं बिजली नहीं गई। आने वाले हफ्तों में जब दिल्ली में गर्मी और बढ़ेगी और बिजली की डिमांड भी बढ़ेगी तो क्या होगा? पिछले दस साल में हमने दिल्ली के बिजली सिस्टम को बड़ी मुश्किल से ठीक किया था। कहते हैं किसी भी चीज को ठीक करने में बरसों लग जाते हैं लेकिन उसे खराब दो दिनों में ही कर दिया जाता है। वहीं आतिशी ने एक्स पर दिल्लीवालों द्वारा बिजली कटौती को लेकर किए गए दर्जनों ट्वीट को रीट्वीट किया है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के वेस्ट सागरपुर के दयाल पार्क, नवादा गांव, मोहन गार्डन, नीब सराय के फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव की घंटे बिजली गुल रही, तो उत्तम नगर के सुभाष पार्क इलाके में 10 घंटे से ज्यादा देर तक बिजली गायब रही।

### बिजली कटौती पर जनता को गुमराह कर रहे आप नेता, लेकिन सफल नहीं होंगे : सचदेवा

**नई दिल्ली**। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के बिजली कटौती के बयान पर कहा है कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे निर्बाध सप्लाई हो रही है पर दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार से बौखलाए आम आदमी पार्टी नेता ऐसा राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश कर रहे हैं जैसे दिल्ली में भारी बिजली कटौती हो रही हो। सचदेवा ने कहा है कि खेदपूर्ण है कि अरविंद केजरीवाल, आतिशी मार्लेना, सौरभ भारद्वाज जैसे नेता दिल्ली की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे पावर डिस्कॉम बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहे हों, पर वह अपने कुप्रयास में सफल नही होंगे।

### ईवी पॉलिसी के खिलाफ कांग्रेस ऑटो टैक्सी सैल ने सीएम को लिखा पत्र, जताया कड़ा रोष

नई दिल्ली। सरकार की नई ई व्हीकल पॉलिसी में 15 अगस्त 2025 से सीएनजी ऑटो रिक्शा का पंजीकरण बंद किए जाने के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट सैल ने सीएम रेखा गुप्ता को रोष भरा पत्र लिखा है। इस बारे में सेल के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार मनमानी पर उतर आई है। नई ईवी वाहन पॉलिसी में सीएनजी ऑटो को 15 अगस्त 2025 के बाद ईवी में बदलने के निर्देश सरासर अन्याय है। इससे 2 बरस पहले भी दिल्ली में पूर्व आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार ने भी ऑटो रिक्शा टैक्सियों को ई व्हीकल पॉलिसी में लाने की योजना का विचार विमर्श बनाया था। मगर ऑटो टैक्सी चालकों का और ऑटो टैक्सी संगठनों के पुरजोर विरोध के चलते इसे तत्काल प्रभाव से बाहर रखा गया था। लेकिन अब इसे लागू करते हुए ऑटो चालको के पेट पर लात मारी है। कांग्रेस इस अन्याय को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 से पहले भी भाजपा सरकार थी, जिसने टू स्ट्रोक पेट्रोल वाले ऑटो रिक्शा को रिप्लेसमेंट करके फोर स्ट्रोक इंजन वाले बजाज के ऑटो रिक्शा को रिप्लेसमेंट कराया था। उस समय दिल्ली में 89 हजार ऑटो थे, जो भाजपा सरकार के इस फैसले के बाद घटकर महज 55 हजार रह गए थे। क्योंकि कर्ज में डूबने व आर्थिक तंगी के चलते हजारों ऑटो चालको ने इस कार्य को ही छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि हमारी सीएम से अपील है क गरीब ऑटो चालकों की रोजी रोटी पर रहम करे और सीएनजी वाले ऑटो को पूरे 15 साल तक चलने दें। सरकार नए सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन बेशक बंद कर दे। उन्होंने कहा कांग्रेस ऑटो चालकों के साथ भाजपा सरकार को मनमानी नही करने देगी। अगर जरूरी हुआ तो सड़कों पर उतरकर पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## रिहायशी क्षेत्रों से कूड़ा उठाने पर यूजर चार्ज वसूलने का कांग्रेस ने किया विरोध, वापसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम द्वारा रिहायशी क्षेत्रों से कूडा उठाने पर यूजर चार्च वसूलने के फैसले पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी व महापौर से मांग की है कि इसे तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त के आदेश पर रिहायशी क्षेत्रों के मकान मालिकों को हर महीने 50-200 रुपये का यूजर चार्ज कूड़ा प्रबंधन के लिए दिल्ली नगर निगम को देना होगा। निगम कचरा प्रबंधन-2018 उपनियम के तहत इस यूजर चार्ज को 7 साल बाद आम आदमी पार्टी के निगम की सत्ता में होते हुए लागू किया है और आश्चर्य की बात है कि मेयर स्वयं इसका विरोध जता रहे है जबकि वे निगम के सर्वोच्च है। यादव ने कहा कि यूजर चार्ज का सीधा बोझ सम्पति मालिकों पर पड़ेगा। रिहायशी सम्पति मालिकों को वार्षिक न्यूनमत 600 रुपये और अधिकतम 2400 रुपये सम्पत्ति कर के साथ देना होगा। 50 वर्ग मीटर तक के मकान पर 50 रुपये प्रतिमाह, 50-200 वर्ग मीटर के मकान पर 100 रुपये और 200 वर्ग मीटर से अधिक वाले मकान पर 200 रुपये मासिक वसूला जाएगा। स्ट्रीट वेंडर से भी 100 रुपये मासिक यह अतिरिक्त टैक्स वसूला जाएगा। यूजर चार्ज पहले व्यावसायिक संपत्तियों से ही वसूला जाता था। यह उपनियम पिछले 7 वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ा था अचानक 2025-26 में इसे लागू करके जनता पर दिल्ली की जनता पर अतिरिक्त बौझ डाला गया है। यादव ने कहा कि जबकि सच्चाई यह है कि दिल्ली में 80 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठाया ही नही जा रहा है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी को पहले 100 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठाना सुनिश्चित करना चाहिए।

### कूड़ा उठाने पर यूजर चार्ज को लेकर महापौर ने कहा प्रस्ताव सदन में पारित नहीं, सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम द्वारा रिहायशी क्षेत्रों से कूड़ा उठाने पर लगाए गए यूजर चार्ज को लेकर निगम और सरकार के बीच आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया है। इस मुद्दे पर महापौर महेश खीची ने बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर बताया कि यह प्रस्ताव लागू कैसे हुआ, जबकि सदन में अभी तक पारित ही नहीं हुआ है। महापौर ने सीएम को लिखा कि मैं आपका ध्यान दिल्ली सरकार की अधिसूचना के अनुपालन में दिल्ली नगर निगम द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए दिल्ली की जनता से यूजर चार्ज जिसे सम्पत्ति कर के साथ वसूले जाने का प्रावधान किया गया है की ओर दिलाना चाहता हूँ। उन्होंने लिखा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा यूजर चार्ज लागू करने से पहले इसे सदन में पारित करना आवश्यक है। यदि इसे लागू ही किया जाना है तो मेरे कार्यकाल के अन्तिम समय में ही क्यों लागू किया जा रहा है, जबकि यह अधिसूचना कई वर्षों पहले ही जारी की गई थी। उन्होंने लिखा कि इस संदर्भ में अन्य शहरों, निगम से फीडबैक लिया जाना चाहिए जहां यूजर चार्जेज लगा है उसके उपरांत ही दिल्ली नगर निगम में इसे लागू किया जाना चाहिए। निगम द्वारा जो यूजर चार्जेज लगाये गये हैं उससे पहले यह सुनिश्चित करना अति आवश्यक है कि जनता को डोर-टू-डोर सेवाएं निगम द्वारा मुहैया करायी जाए। जब तक दिल्ली नगर निगम पूरी तरह से हर घर से कूड़ा उठाने में सक्षम नहीं हो जाता है तब तक इस तरह का यूजर चार्जेज लगाना उचित नहीं होगा। निगम के 12 जोनों में जो (कंसेशनेयर) रियायत ग्राही कूड़ा उठाने वाली कम्पनियां है उनका कार्य संतोषजनक नहीं है, परिणामस्वरूप जगह जगह कूड़े के ढेर लगे है। वर्तमान में पश्चिमी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र एवं दक्षिणी क्षेत्र में स्थिति बद से बदतर है जो वर्तमान में कंपनियां काम कर रही है उनका कॉन्ट्रेक्ट भी समाप्त होने वाला है।

## उपराज्यपाल , सीएम और प्रवेश वर्मा ने किया प्रमुख नालों की सफाई कार्य का संयुक्त निरीक्षण

# दिल्ली के 22 बड़े नालों की डी-सिल्टिंग कार्य में तेजी, लगातार किया जा रहा निरीक्षण : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुना नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में दिल्ली की रेखा सरकार एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के प्रमुख नालों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी में गिरने वाले दिल्ली के सभी 22 बड़े नालों की डिसिल्टिंग का कार्य अत्याधुनिक मशीनों द्वारा तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही, यमुना सफाई अभियान के अंतर्गत हर 15 दिन में इन नालों का नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के प्रमुख नालों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना, जलभराव के कारणों की पहचान करना और मानसून से पहले नालों की सफाई और मरम्मत कार्यों को सुनिश्चित करना रहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मानसून पूर्व तैयारियों के तहत आज दिल्ली के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया गया ताकि सफाई और जल निकासी व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी, परिवहन विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**यमुना सफाई को लेकर किये जा रहे हैं गंभीर और ठोस प्रयास : सीएम**

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के द्वारा यमुना की सफाई को लेकर गंभीर और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। गुरुवार को हमने दिल्ली के कई बड़े नालों का निरीक्षण किया, जिनमें वज़ीराबाद का सप्लीमेंट्री ड्रेन, बारापुला ड्रेन, सुनेहरी पुल ड्रेन, कुशक ड्रेन, नजफगढ़ ड्रेन जैसे प्रमुख नालों का दौरा किया गया। ये सभी वे बड़े नाले हैं जो सीधे यमुना नदी में गिरते हैं और दशकों से उपेक्षित रहे हैं। इसी के तहत दिल्ली के 22 बड़े नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य दिल्ली सरकार द्वारा पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है। यह कार्य केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि यमुना की सफाई और उसके पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने का भी एक व्यापक प्रयास है। हर 15 दिन में इन नालों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सफाई कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त हो।

सीएम ने कहा कि पिछले निरीक्षण की तुलना में आज जो प्रगति दिखी, वह वास्तव में सराहनीय है, तेज गति से आधुनिक मशीनें कार्यरत हैं, जो डी-सिल्टिंग और नालों से गाद निकालने का कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि नालों का पानी अपने प्राकृतिक प्रवाह में जाए, अवरोध मुक्त हो और जब वह यमुना में मिले तो प्रदूषण मुक्त हो, जिससे यमुना फिर से अपने स्वच्छ स्वरूप में लौटे।

### जलभराव की समस्या जनजीवन को प्रभावित करने वाला एक है गंभीर विषय : एलजी

निरीक्षण के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बताया कि दिल्ली में जलभराव की समस्या केवल बारिश के मौसम तक ही सीमित नहीं रह गई है, यह शहर की बुनियादी संरचना और जनजीवन को प्रभावित करने वाला एक गंभीर विषय है। आज विभिन्न विभागों के साथ मिलकर किया गया राजधानी के नालों के संयुक्त निरीक्षण का उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान करना नहीं है, बल्कि समयबद्ध, समन्वित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना भी है। आज सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को ड्रेनों की मरम्मत और साफ-सफाई के लिए आपसी सहयोग और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दिल्लीवासियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और जलभराव-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि यह केवल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि जन सुविधा और जीवन-गुणवत्ता का भी विषय है, जिसे सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही हैं।

# महावीर जयंती पर कई जगह निकाली शोभा यात्राएं, एलजी ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भगवान महावीर के 2624 वें जन्म कल्याणक (जयंती) पर गुरुवार को दिल्ली में कई जगह कार्यक्रम आयोजित हुए और जगह जगह शोभा यात्राएं निकाली गईं। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर की जयंती की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान महावीर ने विश्व में आदर्श और सभ्य समाज की स्थापना के लिए मानव जाति को अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और त्याग का मार्ग दिखाया। उपराज्यपाल ने कहा कि आज का यह शुभ अवसर हमें सद्भावना और शांति का संदेश देता है। इस अवसर पर शाहदरा के छोटा बाजार स्थित जैन मंदिर से रथयात्रा शुरू होकर सर्कुलर रोड, फर्श बाजार, बड़ा बाजार, बाबू राम स्कूल होती हुई शालीमार पार्क में आयोजित धर्म सभा स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर जैन संत ऐलक विज्ञान सागर , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिलाध्यक्ष विपिन जैन , पूर्व पार्षद निर्मल जैन सहित जैन समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल हुए विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर रोहिणी स्थित जेएमडी टेंट, जापानी पार्क में श्री दिगंबर जैन महासभा रोहिणी-पीतमपुरा द्वारा आयोजित भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस पावन अवसर पर परम उन्हें पूज्य संस्कार प्रणेता आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज एवं नेपाल हिंद गौरव वाचनाचार्य उपाध्यक्ष डॉ. विशाल मुनी जी महाराज का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

### सीएम ने मंदिर में भगवान महावीर के किए दर्शन



**नई दिल्ली**। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार सुबह समस्त देशवासियों और दिल्ली वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर में भगवान महावीर के दर्शन किए। इस अवसर पर उनके साथ मंत्री प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा थे। सीएम ने एक्स पर बताया कि भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह प्राचीन मंदिर न केवल दिल्ली की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि धार्मिक सहिष्णुता, आस्था, अहिंसा, सत्य और शांति के उन शाश्वत मूल्यों का भी संवाहक है जिन्हें भगवान महावीर ने अपने जीवन से प्रतिपादित किया। पीढ़ियों से यह पावन धरोहर समाज को सदाचार और करुणा का संदेश देती आ रही है। वहीं सीएम ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान महावीर का जीवन और उनके आदर्श-अहिंसा, सत्य, क्षमा और जीव मात्र के प्रति करुणा हमें एक न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समरस समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। दिल्ली सरकार, भगवान महावीर के इन अमूल्य सिद्धांतों को जन-जीवन में उतारने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि हमारी राजधानी मानवता, सेवा और सौहार्द का प्रतीक बन सके।

भाजपा का पहला संकल्प पूरा : दिल्ली के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड मिलना शुरू

# सीएम रेखा गुप्ता और जेपी नड्डा ने वितरित किए आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। इस योजना के तहत दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पहले चरण में 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। लाभार्थियों को दिल्ली के सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। वहीं इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग दिल्ली सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर

**खास बात**

- दिल्ली में 36 लाख लोग आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से होंगे लाभान्वित : नड्डा



हस्ताक्षर किए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यक्रम को हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में 62 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि एबी पीएमजेएवाई योजना से दिल्ली में 36 लाख लोग लाभान्वित होंगे। नड्डा ने बताया कि दिल्ली में एबी पीएम-जेएवाई के कार्यान्वयन से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत आ जाएंगे। नड्डा ने बताया कि 8.19 करोड़ लोग पहले ही इस योजना के तहत इलाज का लाभ उठा चुके हैं और सरकार ने इसके लिए कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 19 लाख लोग वंचित वर्ग के हैं जो आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कवरेज के बिना इन उपचारों का खर्च नहीं उठा सकते थे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के परिणामस्वरूप, आज जेब से होने वाला खर्च 62 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत रह गया है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, रविंद्र इंद्राज, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र भी उपस्थित थे।

### पीएम -एबीएचआईएम के तहत 1749 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के लिए स्वास्थ्य हमेशा से ही प्राथमिकता रहा है। स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार और गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती दवाइयों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा पोषण, योग, ध्यान आदि पर जोर दिया है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र पर दिए जा रहे जोर को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए योजना अवधि के दौरान पीएम -एबीएचआईएम के तहत 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) की स्थापना , 11 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) और 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों (सीसीबी) को मजबूत करने के लिए 1749 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। ये लाभार्थी केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### 5 अप्रैल 2025 को दिल्ली सरकार ने आयुष्मान योजना के कार्यान्वयन के लिए किया था एक समझौता

दिल्ली सरकार ने 5 अप्रैल, 2025 को दिल्ली में एबी पीएमजेएवाई के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। दिल्ली में एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थी परिवारों को योजना के किसी भी सूचिबद्ध अस्पताल में प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर मिलेगा। दिल्ली सरकार ने दिल्ली के प्रत्येक लाभार्थी परिवार के लिए स्वास्थ्य कवर में 5 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी जोड़ी है। चूंकि एबी पीएमजेएवाई की योजना राष्ट्रीय स्तर पर पोर्टेबल है, इसलिए इस योजना का लाभ दिल्ली के निवासी देश भर में योजना के अंतर्गत 30 हजार से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों में से किसी में भी उठा सकते हैं।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का सबसे बड़ा संकल्प हुआ पूरा : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पहले आयुष्मान कार्ड जारी होने का स्वागत किया है और कहा है की इसी के साथ दिल्ली भाजपा के विधानसभा चुनाव 2025 का सबसे बड़ा संकल्प पूरा हो गया है। उन्होने कहा है कि आज केन्द्र सरकार एवं दिल्ली सरकार के बीच समझौते के साथ ही दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली वालों को कुछ आयुष्मान कार्ड जारी कर औपचारिक शुरुआत की है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सांकेतिक आयुष्मान कार्ड वितरण से प्रारम्भ हुई इस आयुष्मान भारत योजना का लाभ शीघ्र ही दिल्ली के 30 लाख निम्न आय लोगों के साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 6 लाख बुजुर्गों तक पहुंचेगा।

### प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी : स्वास्थ्य मंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली में हर आयुष्मान कार्ड धारक को 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी। इस बात की जानकारी देते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी 5 लाख का टॉप-अप कवर प्रदान करेगी। इस तरह प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी, जो देशभर में एक मिसाल है। पंकज ने कहा कि दिल्ली के नागरिक बेझिझक और बिना किसी बाधा के अपना इलाज करा सकेंगे, किसी भी सूचिबद्ध अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज की गुणवत्ता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होंगी।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान भारत योजना नहीं, बल्कि एक घोटाला है : आप

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि आयुष्मान भारत कोई योजना नहीं है, बल्कि यह एक घोटाला है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आयुष्मान योजना दिल्ली की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद करेगी। उन्होंने कहा कि यह तथाकथित योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुई है और दिल्ली के लिए यह एक छलावा के सिवाय कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में स्थापित विश्वस्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था हर नागरिक तक पहुंच रही है, जबकि भाजपा की यह योजना चंद लोगों को लाभ देने और बाकियों को ठगने के लिए ही बनाई गई है। कक्कड़ ने योजना की बुनियादी खामियों पर भी सवाल उठाए और कहा कि आयुष्मान भारत में प्रति परिवार 10 लाख रुपये तक की चिकित्सा सीमा है, जबकि आप सरकार की योजना में कोई सीमा नहीं थी, चाहे 10 लाख हों या 50 लाख, हर किसी को मुफ्त इलाज मिलता था।

### मौसम ने ली करवट, तेज धूल भरी आंधी के साथ कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई दर्ज


**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम ने एक बार फिर करवट ली जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार को सुबह से ही मौसम का रंग बदला हुआ रहा। दोपहर बाद कई क्षेत्रों में तेज धूल भरी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी दिखाई दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही भविष्यवाणी की थी, जो सच सही साबित हुई। आईएमडी का कहना है कि शुक्रवार को भी मौसम ऐसे ही रहेगा, कहीं कहीं हलकी बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। अनुमान है कि अधिकतम तापमान घटकर 35-36 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। मौसम के करवट लेने का असर गुरुवार को कम रहा जिसके चलते अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के औसत से 5.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली की दो जगह रिज एरिया और आया नगर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम के करवट लेने से लोगों को सूरज के कड़े तेवरों से राहत मिली है।यह राहत अगले तीन चार दिन बनी रहने की संभावना दिखाई दे रही है।

### तृणमूल कांग्रेस नेता और उनके समर्थक दिल्ली में पैदा करना चा रहे हैं तनाव : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मित्रा लगातार सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर चित्तरंजन पार्क में तनाव उत्पन्न करने की कोशिश कर रही हैं। जो कि खेदपूर्ण है। सचदेवा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से मांग की है कि अविलंब वीडियो बनाने के दोषी युवकों को गिरफ्तार कर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए। सचदेवा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से कहा है कि वह जांच कराएं कि दो हफ्ते से अधिक पुराने तनावपूर्ण वीडियो को काट छांट करके सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करने के पीछे सांसद महुआ मित्रा का मकसद क्या था। सचदेवा ने कहा कि मंगलवार 8 अप्रैल शाम को सांसद महुआ मित्रा ने दो गुमनाम लड़कों के मछली मार्किट के एक पुराने वीडियो को ट्वीट कर नया मुद्दा बना कर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर चित्तरंजन पार्क में तनाव उत्पन्न करने की कोशिश की लेकिन स्थानीय पुलिस एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्थिति को संभाला और तनाव नहीं होने दिया।

### अदालत ने अवैध हथियार मामले में व्यक्ति को बरी करने के फैसले को खारिज किया, ठहराया दोषी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धोखाधड़ी और अवैध हथियार के मामले में आरोपी एक व्यक्ति के पक्ष में दिए गए आदेश को खारिज कर दिया और कहा कि उसे बरी करना 'न्यायिक प्रणाली की विफलता' है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने दिसंबर 2019 के मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ राज्य की अपील पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। मजिस्ट्रेट ने आरोपी गुरमीत सिंह बावा उर्फ सनी को धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, जाली दस्तावेज रखने, जाली दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करने, धोखाधड़ी करने के लिए दस्तावेजों की जालसाजी और शस्त्र अधिनियम के अपराधों से बरी कर दिया था। अदालत ने पांच अप्रैल को दिए गए आदेश में कहा कि गुरमीत सिंह बावा के खिलाफ आरोपों का सार यह था कि उसके पास छह गोलियों से भरी एक अवैध बंदूक पाई गई थी, उसने प्रणभ जैन के रूप में प्रतिरूपण करके सरकारी प्राधिकरण से एक फर्जी राशन कार्ड जारी करवाया और जैन की अपनी झूठी पहचान के पक्ष में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी से पासपोर्ट जारी करवाने के लिए जाली राशन कार्ड का इस्तेमाल किया। साक्ष्यों की जांच करते हुए अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने 'गलती से' यह माना था कि बावा के खिलाफ प्रतिरूपण, जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप साबित नहीं हुए। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने बावा को जाली राशन कार्ड और पासपोर्ट आवेदन पंजीकरण फॉर्म तैयार करने के लिए उत्तरदायी ठहराया। पुलिस की अपील को स्वीकार करते हुए अदालत ने फैसले को रद्द कर दिया और बावा को अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सजा की घोषणा की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### छात्रों ने बनाई संतुलित आहार योजना

**गाजियाबाद।** रोजबैल पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अवसर पर कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। एआई की मदद से संतुलित आहार योजना बनाई। कक्षा 5-6 ने योग मुद्राओं और स्वास्थ्य पोस्टर बनाकर जागरूकता फैलाई। कक्षा 7-8 ने पोषक तत्वों के स्रोतों पर पोस्टर बनाए। कक्षा 9-10 के छात्रों ने एआई की मदद से संतुलित आहार योजना बनाई उस पर चर्चा की।



### गांव चलो, वार्ड चलो अभियान शुरू

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेटमंत्री सुनील शर्मा ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा गांव चलो, वार्ड चलो केवल शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं, कार्यकर्ताओं के लिए जनसेवा का एक प्रभावी मंच बन चुका है। शर्मा ने यह विचार नंदग्राम मंडल के वार्ड संख्या 50 में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किए। अभियान भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में चलाया गया।



### हुडा वर्कर यूनियन का चुनाव संपन्न

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ फरीदाबाद के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान व मुकेश बेनीवाल की अध्यक्षता में हुडा वर्कर यूनियन, कर्मचारी यूनियन हरियाणा का चुनाव सर्व सहमति से संपन्न हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए। जिसमें क्रमशः संरक्षक चंदर पाल अधाना, चेयरमैन तेजराम ओलिहान, प्रधान अमरजीत कटारिया, वरिष्ठ उप.प्रधान रामकुमार, वरिष्ठ उप.प्रधान परमानन्द, उप.प्रधान होशियार सिंह, उप.प्रधान हवा सिंह, उप.प्रधान संजय, सचिव शौरन सिंह, खजांची राजेश कुमार, संयुक्त सचिव अशोक मलिक, कार्यालय सचिव भूपेंद्र आदि।



# न्यू अशोक नगर से सराय काले खां नमो भारत स्टेशन के बीच 25 केवी क्षमता पर चार्ज हुई ओएचई, जल्द शुरू होगा कार्य

जल्द ही इस सेक्शन में ट्रायल रन आरंभ किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में एनसीआरटीसी ने कॉरिडोर के परिचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां नमो भारत स्टेशनों के बीच के खंड में ओएचई को 25 केवी की क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है, यानी अब ट्रेनों के परिचालन के लिए दोनों स्टेशनों के बीच इंस्टॉल की गई ओएचई का विद्युतीकरण कर दिया गया है। जल्द ही इस सेक्शन में ट्रायल रन आरंभ किया जाएगा।



### 66 केवी की विद्युत आपूर्ति होगी

न्यू अशोक नगर और सराय काले खां नमो भारत स्टेशन के बीच लगभग 4 किमी का खंड है, जिसपर भविष्य में सराय काले खां आरएसएस द्वारा विद्युत की आपूर्ति की जाएगी। इस आरएसएस पर 66 केवी की विद्युत आपूर्ति होगी, जहां से सेक्शन में ट्रेनों के संचालन के लिए 25 केवी और कॉरिडोर्स पर बने स्टेशनों के लिए 33 केवी विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने दिल्ली ट्रान्स्को लिमिटेड और गैस टर्बाइन पावर स्टेशन (जीटीपीएस) के साथ करार किया है। वर्तमान में, इस खंड में विद्युत की आपूर्ति गाज़ियाबाद आरएसएस द्वारा की जा रही है। आरएसएस से 25केवीकी हाई वोल्टेज केबल को फीडिंग पोस्ट पर लगाकर पोल एवं कैंटिलिवर द्वारा ट्रेन के ओवर हेड इक्विप्मेंट (ओएचई) तक पहुंचाया जाता है। उच्च गुणवत्ता व क्षमता वाले ये ओवरहेड वायर ट्रेन को पूर्ण सामर्थ्य से दौड़ाने में समर्थ हैं। नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी/घंटा है। इस कॉरिडोर पर स्थापित ओएचई को ऐसी उच्च गति एवं उच्च आवृत्ति वाली ट्रेनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है। 14 किलोमीटर लंबे दिल्ली सेक्शन के खंड में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेनों का परिचालन पहले ही शुरू हो चुका है और अब सराय काले खां स्टेशन भी जल्द ही परिचालित होने की दिशा में विकसित हो रहा है।

### स्टेशन में 5 प्रवेश-निकास द्वार है

सराय काले खां स्टेशन, पूरे कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक है। यह स्टेशन फेज-1 के तीनों कॉरिडोर पर ट्रेनों के परिचालन का केंद्र भी होगा। इसके लिए यहाँ सबसे ज्यादा, 4 ट्रैक और 6 प्लेटफॉर्म भी बनाए गए हैं। इस स्टेशन में पाँच प्रवेश-निकास द्वार, कई सीढ़ियाँ, 14 लिफ्ट और 18 एस्केलेटर हैं। 215 मीटर लंबाई, 50 मीटर चौड़ाई और 15 मीटर ऊँचाई में फैला स्टेशन का विस्तृत लेआउट प्रभावी भीड़ प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनें दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 55 किलोमीटर के हिस्से में 11 स्टेशनों के साथ न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक परिचालित की जा रही हैं।

## तिगांव विधानसभा में संपन्न हुआ बीजेपी सक्रिय सदस्य सम्मलेन

# अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलकर जन-जन को सशक्त कर रही है भाजपा की नायब सरकार: खाद्य मंत्री नागर

**खास बातें**

- सक्रिय संगठन सम्मलेन में संगठन मजबूती पर दिया जोर
- जनता में बीजेपी के प्रति अटूट विश्वास है

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

फरीदाबाद की तिगांव विधानसभा में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मलेन में हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलकर जन-जन को सशक्त करने का कार्य कर रही है। युवाओं को बिन खर्ची बिन पर्ची नौकरी मिल रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जनहित और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिला, युवा, गरीब और किसान सभी वर्गों को मजबूत किया जा रहा है। देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी और प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता संभाली, यह सब जनता में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाती है। फरीदाबाद कि तिगांव विधानसभा में आयोजित भाजपा सक्रिय सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### यह उपस्थित रहे

इस अवसर पर खाद्य मंत्री राजेश नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्षा नीरा तोमर, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष हरीश बैसला, राजेश चौधरी, गौरव चौधरी, सुधीर मेहत, कृष्ण पहलवान, मुकेश झा, महिला मोर्चा अध्यक्षा राजबाला सरदाना, पार्षद प्रदीप तोंगड, सुमंत चंदेल, शीशराम अवाना और बड़ी संख्या में सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। श्री नागर ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूती देने और सरकार कि जनहित योजनाओं को जन-जन तक पंहुचाने का आह्वान किया।

**देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी और प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता संभाली, यह सब जनता में बीजेपी के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाती है**



### 2 सांसदों वाली पार्टी की 3 बार से देश और प्रदेश में सरकार है

सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसेवा, सामाजिक समरसता तथा सुशासन के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। रामपाल ने कहा कि 2 सांसदों वाली पार्टी की 3 बार से देश और प्रदेश में सरकार है।

### संगठन बूथ स्तर पर मजबूत कार्य करें

भाजपा जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स ने मंडल को संगठन की कार्यशैली, मंडल सुदृढ़ीकरण, संगठन विस्तार, जन समर्थन और जन संपर्क, जन संवाद आदि संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के आगामी सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक मनाना है और इसके लिए बूथ स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं की सूचि तैयार कर उनकी जिम्मेदारी लगानी है। बूथ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाएं, भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य करें।

# 1964 करोड़ की आय व 1924 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव सदन में एक ध्वनि के साथ सर्वसम्मति से पास

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निगम सदन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर निगम फरीदाबाद के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर प्रस्ताव पेश किया गया। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, खाद्य राज्य मंत्री राजेश नागर, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक धनेश अदलक्खा, विधायक सतीश फागना, विधायक रघुवीर तेवतिया, निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास सहित निगम सदस्य तथा अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर निगम के वित्तीय नियंत्रक दिनेश कुमार ने बजट निगम सदन में रखा। जिसमें 1964 करोड़ रुपए की अनुमानित आय और 1924 करोड़ रुपए का संभावित खर्च का प्रावधान किया गया है।

### सदन के साथी मिलकर कार्य करेंगे

बजट में प्रॉपर्टी टैक्स से लगभग 163 करोड़ रुपए, स्टांप ड्यूटी से 220 करोड़ और विकास शुल्क से लगभग 100 करोड़ रुपए आमदनी का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा भूमि दुकानों का बिक्रिय (कोर्ट प्रोसीडिंग्स) से लगभग 300 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। कचरा प्रबंधन से भी 72 करोड रुपए का अनुमानित प्रस्ताव रखा गया, जबकि विज्ञापन से लगभग 27 करोड़ रुपए, विकास शुल्क से 100 करोड रुपए का और म्युनिसिपल टैक्स बिजली विभाग से 55 करोड रुपए का अनुमानित प्रस्ताव सदन में रखा गया। बजट में 1964 करोड़ के अनुमानित आय और 1924 करोड़ रुपए के अनुमानित खर्च के इस प्रस्ताव को सदन की बैठक में एक ध्वनि एकमत से पारित किया गया। निगम सदन के सदस्यों ने इस बैठक में अपने सुझाव और समस्याएं भी रखी। बैठक में विज्ञापन पेयजल मीटर और प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ाने जैसे सुझाव भी रखे गए। जबकि सदन के कुछ सदस्यों ने अपने वार्डों की समस्याएं भी बताई। बैठक की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने सभी सदस्यगण को भरोसा दिलाया कि वह फरीदाबाद शहर के विकास को मिलकर करेंगे उनका एक ही सपना है कि स्वच्छ फरीदाबाद और हरित फरीदाबाद और यह तभी पूरा होगा जब सभी सदन के साथी और अधिकारी मिलकर कार्य करेंगे।



### पार्षदों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी

निगम सदन की बैठक के बाद महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने पत्रकारों को बताया कि सभी पार्षदों को वार्ड के विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी, उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी प्रत्येक वार्ड का दौरा करेगी और जहां भी विकास के कार्य के लिए राशि की जरूरत होगी वह उसे वार्ड के लिए अलग से बजट का प्रावधान कराएगी। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सभी पार्षद निगम प्रशासन को अपने वार्ड में कराए जाने वाले कार्यों से अवगत कारण ताकि नगर निगम के अधिकारी वार्ड के अंदर किए जाने वाले कार्यों को करने के लिए उनकी फाइल तैयार करें।

## नामी गिरामी स्कूलों की मनमानी की जांच जानने के लिए मंच ने लगाई आरटीआई

# नियमों के उल्लंघन की जांच करने में शिक्षा अधिकारी करते पक्षपात: अध्यक्ष

बड़े स्कूलों पर मेहर, छोटों पर कहर

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

शिक्षा निदेशक हरियाणा ने प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही सभी तरह की मनमानी व आरटीई, शिक्षा नियमावली के नियमों के उल्लंघन की जांच करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि हर साल की तरह इस बार भी जिला शिक्षा अधिकारी सिर्फ छोटे स्कूलों में जाकर जांच की फॉर्मेलिटी पूरी कर रहे हैं। नामी गिरामी सीबीएसई के स्कूल संचालकों द्वारा की जा रही मनमानी उनको दिखाई नहीं देती है। यानि बड़े स्कूलों पर मेहर, छोटों पर कहर। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि सबसे ज्यादा नियमों का उल्लंघन सीबीएसई के स्कूल कर रहे हैं इनमें वे स्कूल भी शामिल हैं जो हुडा विभाग द्वारा रियायती दर पर दी गई जमीन पर बने हुए हैं। मंच का कहना है कि ये स्कूल हुडा विभाग द्वारा दिए गए अलॉटमेंट लेटर की एक भी शर्त को पूरा नहीं करते हैं। शिक्षा निदेशक से एनओसी लेकर स्कूल सीबीएसई की मान्यता लेते हैं लेकिन वे ना तो एनओसी की शर्तों को पूरा करते हैं और ना सीबीएसई के नियम कानूनों का पालन करते हैं। स्कूल संचालक किन-किन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं इसकी जानकारी मंच ने कई बार जिला शिक्षा अधिकारी व चैयरमैन फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी (एफएफआरसी)कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद को व मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री को देकर जांच की मांग की है लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है।

### बोलेरो कार पेड़ से टकराकर पलटी दो युवकों की मौत

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट के सामने बुधवार की रात में एक तेजरफ्तार बुलेरो कर पेड़ से टकराकर पलट गई, जिसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को थाना में सूचना प्राप्त हुई कि कचहरी के सामने एक बुलेरो पेड़ से टकरा गई है। थाना कविनगर पुलिस द्वारा तत्काल जानाकारी प्राप्त हुई कि गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों को संजय नगर अस्पताल भेजा गया है। जहां दोनों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आयुष चौहान पुत्र भारत सिंह निवासी माया कुंज अवंतिका तथा अर्जुन पुत्र सतीश निवासी के रूप में हुई।

## 56वें शंकर-शाद मुशायरे का आयोजन

# उर्दू शायरी की महफिल में गूंजे जज़्बात और लफ्ज़

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

उर्दू शायरी की रोशनी से सजी एक यादगार महफिल ने लोगों का दिल जीत लिया। 56वें शंकर-शाद मुशायरे का आयोजन शंकरलाल मुरलीधर मेमोरियल सोसाइटी एवं डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस प्रतिष्ठित वार्षिक मुशायरे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है। शंकरलाल मुरलीधर सोसाइटी के चेयरमैन एवं डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक माधव बंसीधर श्रीराम ने कहा, यह मुशायरा पुरानी और नई दोनों आवाजों का उत्सव है। यह लोगों को शायरी के जरिए जोड़ता है, कुछ ऐसा जिसे दिल्ली ने हमेशा से सराहा है। हमें गर्व है कि यह परंपरा आज भी दिलों को छू रही है। छात्र, शिक्षक, लेखक, बुजुर्ग और नए ख्वाब देखने वाले, हर वर्ग के लोग इस अदबी शाम में शामिल हुए। कुछ के लिए यह सालाना परंपरा थी, तो कुछ पहली बार इस मुशायरे का हिस्सा बन रहे थे। 1954 में स्थापित यह मुशायरा दशकों से उर्दू अदब का प्रतिनिधि बनकर सामने आया है, जहां मशहूर और नए शायरों को एक ही मंच पर सुनने का मौका मिलता है। इस वर्ष भी महफिल में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। महफिल की फिजा गर्मजोशी से लबरेज थी, श्रोता पूरी तरह से जुड़ाव महसूस कर रहे थे और शायर अपने दिल की बात लफ्ज़ों में पिरोने को तैयार थे। कार्यक्रम का संचालन किया मशहूर शायर इक़बाल अश्हर ने, जिनकी शब्दों पर पकड़ और आत्मीय अंदाज ने श्रोताओं को बांधे रखा। मंच पर जब जावेद अख्तर ने माइक संभाला, तो उन्होंने कहा, शायरी बड़े शब्दों या जटिल ख्यालों की नहीं होती। यह दिल से दिल तक पहुंचने वाली सादगी है। आज की रात, मैं बस अपने सामने बैठे हर इंसान से जुड़ना चाहता था। प्रो. वसीम बरेलवी ने कहा, जब भी इस मंच पर आता हूं।



## भारत सिटी ग्रुप हाउसिंग सहित 1.5 लाख लोगों को मिलेगी सीवर समस्या से राहत

# इंद्रप्रस्थ योजना में 8 करोड़ रुपए से सीवर निस्तारण के अंतिम चरण में, सभी पॉकेट को जोड़ने के लिए टेंडर जल्द

योजना का उद्देश्य पूरे जल निकासी और सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)की इंद्रप्रस्थ योजना में सीवर निस्तारण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस योजना मे सीवर की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सीवर निस्तारण कार्य को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पूरे योजना की जल निकासी और सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा तीसरा और अंतिम चरण है, जिसके लिए लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से टेंडर अगले सप्ताह जारी किया जा रहा है। इस चरण के अंतर्गत इंद्रप्रस्थ योजना की शेष सभी पॉकेट्स (बी, डी, ई, एच, एफ) के साथ-साथ भारत सिटी ग्रुप हाउसिंग को भी सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। इससे लगभग 30,000 परिवारों और 1.5 लाख लोगों को सीवर की समस्या से स्थाई राहत मिलेगी।



### दूसरा चरण में मावी चौक से मैनहोल संख्या 78 तक सीवर लाइन

इस चरण में मावी चौक से जल निगम द्वारा विकसित सीवर मैनहोल संख्या 78 तक लगभग 1800 मीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है। 3.5 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे इस कार्य में अब तक 1000 मीटर (1 किलोमीटर) लाइन बिछाई जा चुकी है। शेष कार्य अगले माह तक पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद आई गति

उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के निर्देश तथा कार्य की समीक्षा पर मुख्य अभियंता द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई थी, जिसके बाद कार्य में तेजी आई।

### पहला चरण सीवेज पंपिंग स्टेशन

योजना के पहले चरण में डीपीएस स्कूल के समीप सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) का निर्माण किया गया है। इस पर 4.5 करोड़ रुपए की लागत आई है और यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।



तीनों चरणों के पूर्ण होने पर इंद्रप्रस्थ योजना और आसपास के निवासियों को सीवर की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और स्वच्छता व जल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

### केट्टो ने कराया बच्चे की जानलेवा सिर की चोट का उपचार

**गुरुग्राम।** छत्त से सिर के बल गिरने पर पांच वर्षीय बच्चे की जानलेवा चोट का उपचार क्राउडफंडिंग प्लेटफार्म केट्टो के सहयोग से हुआ है। फरीदाबाद का पांच वर्षीय शिवांश एक दिन छत से फिसल गया और सीधे सिर के बल नीचे गिर पड़ा। वह बेहोश हो गया।



शिवांश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा। स्कैन में पता चला कि उसके सिर में कई गंभीर फ्रैक्चर और द्रव जमाव हो गया था, जिससे चेहरे पर सूजन आ गई। उसकी हालत नाजुक थी, और इलाज का खर्च 13 लाख रुपए बताया, जो कि परिवार के पास नहीं थे। ऐसे में परिवार ने क्राउडफंडिंग प्लेटफार्म केट्टो की मदद ली।

## ईमानदारी से दायित्व निभाएंगे

# प्रताप सिंह वरिष्ठ नागरिक अधिकार ट्रिब्यूनल सदस्य मनोनीत हुए


हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी अनिल प्रताप सिंह को वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के ट्रिब्यूनल का सदस्य मनोनीत किया गया है। ट्रिब्यूनल के चेयरमैन जिला उपायुक्त हैं तथा सरकार ने दो सदस्यों को मनोनीत किया है इनमें सेवानिवृत जज जयदेव पाराशर व अनिल प्रताप सिंह का नाम है। समाजिक दृष्टिकोण के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण इस ट्रिब्यूनल के सदस्य बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय व दुव्र्यवहार आदि के खिलाफ सुनवाई करते हुए उन्हें मान-सम्मान व हक दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत अनिल प्रताप सिंह लंबे समय से भाजपा व आर एस एस से जुड़े हैं तथा भाजपा के कई अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वह क्षेत्रीय समाज तथा राजपूत सभा फरीदाबाद के भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनके सामाजिक दृष्टिकोण को देखते हुए सरकार ने उन्हें ये दायित्व सौंपा है। सिंह का कहना है कि बुजुर्गों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या प्रताड़ना सहन नहीं किया जाएगा, ऐसे मामलों को सख्ती से लिया जाएगा और बड़े बुजुर्गों को हर हाल में सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने के लिए उनका अधिकार दिलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिस परिवार में बड़े बुजुर्गों का सम्मान होता है वह परिवार खुशहाल होते हैं।


## खबर संक्षेप

### ऑनर किलिंग की दिल दहला देने वाली घटना



**समस्तीपुर/मोहिउद्दीननगर।** समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के टाड़ा गांव में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। प्रेम प्रसंग में घर से भागी युवती को उसके पिता ने विश्वास में लेकर दिल्ली से घर बुला लिया। फिर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। लड़की का शव उसके घर में ही बाथरूम में बंद मिला है। मां की शिकायत पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### नेता के जयकारे पुलिसकर्मी, निलंबित



**हरदोई।** यूपी में एक पुलिसकर्मी का भाजपा नेता के कार्यक्रम में जयकारे लगाते वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो हरदोई जिले का बताया जा रहा है।इस बार एक पुलिसकर्मी का भाजपा नेता के कार्यक्रम में जयकारे लगाते वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो वायरल हुआ तो अफसरों ने ऐक्शन लिया। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पुलिसकर्मी जिलाध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात था, जिसे सस्पेंड कर दिया गया है।

### अमरोहा में भाजपा की बाइक रैली में मारपीट



**अमरोहा।** यहां हसनपुर में भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के साथ विधायक की मौजूदगी में हमला कर दिया गया। उनके साथ जमकर मारपीट के बाद चाकू से जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ जानलेवा हमला करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

## तेज हवा से बैनर-पोस्टर और फ्लैक्स के चिथड़े उड़े

# वाराणसी में आंधी से पीएम मोदी के सभास्थल पर काफी हुआ नुकसान, दोबारा सजाने-संवारने में जुटी पूरी टीम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को करोड़ों की सौगात देने एक बार फिर आने वाले हैं। इससे पहले गुरुवार को आई आंधी ने सभास्थल पर काफी नुकसान कर दिया है। एक बार फिर टीमें दोबारा सजाने-संवारने में जुट गई हैं।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यहां शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होने वाली है। सभा स्थल पर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। इस बीच गुरुवार की सुबह आई आंधी ने काफी नुकसान कर दिया है। जमीन में बिछाए गए कार्पेट कई जगहों से उखड़ गए हैं। आम लोगों के लिए लगाई गईं हजारों प्लास्टिक की कुर्सियां अपनी जगह पर ही उलट पुलट गई हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सभा स्थल और रास्तों पर लगाए गए बैनर-पोस्टर और फ्लैक्स को हुआ है। तेज हवाओं ने इनके चिथड़े उड़ा दिए हैं। अब युद्धस्तर पर इन्हें दोबारा से ठीक करने में टीमें जुट गई हैं।



### अपने संसदीय क्षेत्र में तीन हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात देने वाले हैं पीएम

पीएम मोदी रिंग रोड के पास मिर्जामुराद क्षेत्र के मेहंदीगंज गांव सभा को संबोधित करने के साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र को तीन हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात देने वाले हैं। इसकी तैयारियां कई दिनों से चल रही थी। मंगलवार को यूपी की डीजीपी और मुख्य सचिव खुद सभा स्थल पर पहुंचे थे और तैयारियों को एक दिन पहले ही पूरा करने लेने का निर्देश भी दिया था। उनके निर्देश के अनुसार ही तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई थीं। लाइटों और माइक आदि की टेस्टिंग का काम भी चल रहा था।

### एलईडी लाइटें टूटी

इसी बीच गुरुवार की सुबह आई आंधी और उसके बाद हुई बारिश ने काफी नुकसान कर दिया है। बैनर पोस्टर और फ्लैक्स फट गए, एलईडी लाइटें भी गिरकर टूट गई हैं। हालांकि जर्मन हैंगर के नीचे लगे टेंट उखड़ने से बच गए हैं। टीम अब दोबारा से जर्मन हैंगर पंडाल के अंदर बिखरी कुर्सियों को ठीक करने में जुट गई है।

### सीएम योगी करेंगे पीएम का स्वागत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेहंदीगंज में पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। वह हेलीकॉप्टर से सुबह 9.30 बजे लखनऊ से मेहंदीगंज पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री की जनसभा 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान शिलान्यास और लोकार्पण का कार्यक्रम भी है। प्रधानमंत्री को यहां से विदा करने के बाद योगी दोपहर 12.30 बजे हेलीकॉप्टर से सिंधोरा क्षेत्र के फतेपुर खऊदा गांव जाएंगे। जहां दोपहर 12.55 बजे मंत्री ओमप्रकाश राजभर की माता की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेंगे। दोपहर 1.50 बजे मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से लखनऊ प्रस्थान करेंगे।

## योगी सरकार ने आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी

# 227 अपराधी मुठभेड़ में किए ढेर, एक लाख से ज्यादा पर हुई सख्त कार्रवाई

उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों में योगी सरकार की सख्त कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों की कमर टूट गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 1,00,000 से अधिक अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की गई, जबकि 227 अपराधी पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल पूरे हो चुके हैं। इस दौरान राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले आठ वर्षों में अपराधियों के खिलाफ बड़ी संख्या में कार्रवाई की गई है। प्रदेश में अब तक 227 कुख्यात अपराधी पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए, जबकि एक लाख से अधिक अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इसके अलावा 58,624 अपराधियों को जेल भेजा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि कानून-व्यवस्था में इस कड़े रुख से आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद कई मंचों से यह कहा है कि "उत्तर प्रदेश में अब अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।" पुलिस की "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत अपराध और माफिया तंत्र पर शिकंजा कसने के लिए लगातार एनकाउंटर, संपत्ति जब्ती, और गैंगस्टर एक्ट जैसी धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले चुनावों में योगी सरकार की यह "सख्त प्रशासक" की छवि एक अहम मुद्दा बन सकती है।



डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का दस का दम ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए एक लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र से जघन्य अपराधों पर लगाम

यूपी में पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी गई है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया। इतना ही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में दस का दम नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं। इन ऑपरेशन के जरिए यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है।

### प्रदेशभर में 11,07,782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11,07,782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए, ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए 'ऑपरेशन गरुड़'

महिलाओं -बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए 'ऑपरेशन गरुड़' चलाया गया। जिसके तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया दुःख

# नालंदा में आंधी तूफान से 31 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ नालंदा



गुरुवार को पूरे बिहार में तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिसमें पुराने विशाल वृक्ष भी गिर गए। बिहार के एक जिले में गुरुवार को बारिश और आंधी की चपेट में आने से बच्चा महिला समेत 31 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटनाओं पर गहरा दुःख जताया है। बता दे कि आई प्रचंड आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के कारण विशालकाय पेड़ों के गिरने से 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

### नालंदा खंडहर में गार्ड की मौत

नालंदा थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक नालंदा खंडहर में एक विशाल पीपल का पेड़ जड़ से उखड़ गया। इस हादसे में खंडहर में तैनात एक गार्ड की पेड़ के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के सरिलचक गांव निवासी स्व.बसंत लाल के (28) वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई है।

### मानपुर में पांच की मौत

इसी प्रकार, मानपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में देवी स्थान के समीप एक विशालकाय पीपल का पेड़ गिरने से भीषण हादसा हुआ। इस घटना में एक व्यक्ति पेड़ के नीचे दबकर मार गया, जबकि चार अन्य लोगों की मौत मंदिर की दीवार गिरने से हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोग बारिश से बचने के लिए मंदिर में शरण लिए हुए था।

### आंधी-बारिश के साथ आसमान से बरसे ओले

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत कई शहरों में गुरुवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी। दिनभर से छाए बादलों ने शाम होने से पहले अपना रूप बदला और कई जगह तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े। राजधानी रांची में शाम करीब चार बजे हुई बूंदाबांदी ने जोर पकड़ा और देखते-देखते बारिश तेज हो गई। मौसम में आए बदलाव से गर्मी से राहत मिली है।

## पेज एक का शेष

### 'आतंकी राणा' बोलेगा....

अधिक वक्त से अमेरिका की जेल में बंद था। पीएम मोदी के प्रयासों के बाद उसे भारत लाया जा सका है। मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है 64 वर्षीय राणा मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा है। राणा को प्रत्यर्पण कर भारत लाने के बाद सबसे पहले एनआईए ने उसे 26/11 हमले को लेकर दर्ज अपने केस में गिरफ्तार किया। कई लेयर सिक्योरिटी लगाई गई है। राणा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एसडब्ल्यूएटी (स्वाट) यानी स्पेशल वेपन्स एंड टेक्टिस के कमांडो की सुरक्षा घेरे में है। स्वाट कमांडो की टीम एयरपोर्ट पहुंची। दिल्ली पुलिस की कई गाड़ियों ने राणा के काफिले को एस्कॉर्ट किया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तहव्वुर राणा को लेकर तीन रूट बनाए। पहला रूट जिस पर लेकर जाया गया। इसके अलावा 2 वैकल्पिक रूट भी तैयार किए गए थे।

**पाकिस्तान ने पल्ला झाड़ा कहा-राणा कनाडाई नागरिक:** तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। हालांकि ये राह आसान नहीं रही और मुंबई हमले के साजिशकर्ता राणा ने अपना प्रत्यर्पण रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन भारत के प्रयासों के सामने उसकी एक न चली। अब पाक ने राणा से किनारा कर लिया है। कहा-राणा कनाडाई नागरिक है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि तहव्वुर ने दो दशकों से अधिक समय से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है।

### राणा के प्रत्यर्पण पर मोदी...

संस्थागत कूटनीति, कानूनी आधार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जीत बताया, जिसमें तब की यूपीए सरकार ने अमेरिका के साथ मिलकर काम = किया। चिदंबरम ने बताया कि 26/11 हमले के बाद यूपीए सरकार ने राणा और डेविड हेडली के खिलाफ सबूत जुटाने शुरू किए। अमेरिका से म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी के तहत मिले सबूतों के आधार पर 2011 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राणा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद गैर-जमानती वारंट और इंटरपोल रेड नोटिस जारी किए गए। 2012 में तत्कालीन विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन और अन्य अधिकारियों के साथ राणा और हेडली के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया। हालांकि 2013 में हेडली का प्रत्यर्पण नहीं हो सका, लेकिन राणा के मामले में बातचीत जारी रही। चिदंबरम ने उल्लेख किया कि 2016 में मुंबई कोर्ट ने राणा को सहयोग की शर्त पर माफी दी, जिससे जाबिउद्दीन अंसारी (अबू जुंदाल) के खिलाफ केस में मदद मिली। 2018 और 2019 में भारतीय टीमें अमेरिका गईं ताकि कानूनी अड़चनों को दूर किया जा सके। राणा की रिहाई 2020 में स्वास्थ्य आधार पर हुई, जिसके बाद भारत ने प्रत्यर्पण की मांग को फिर से तेज किया। वर्ष 2023 में अमेरिकी अदालत ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। 21 जनवरी 2025 को उनकी आखिरी याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। इसके बाद 8 अप्रैल को अमेरिकी अधिकारियों ने राणा को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया, और वह 10 अप्रैल को नई दिल्ली पहुंचा।

**मोदी सरकार पर निशाना:** चिदंबरम ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राणा का प्रत्यर्पण किसी नेता के मजबूत होने का सुबूत नहीं बल्कि ये न्याय की धीमी गति का परिणाम है, जो यूपीए के समय शुरू हुई थी। उन्होंने मोदी सरकार पर सीना ठोकने और इस उपलब्धि का गलत श्रेय लेने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यह उपलब्धि भारतीय राज्य की सामूहिक क्षमता को दर्शाती है, न कि किसी एक सरकार की।

### गिरफ्तारी के बाद ...

एनआईए ने बताया कि हमने सफलतापूर्वक उसका प्रत्यर्पण कर लिया है। राणा न्यायिक हिरासत में था। एक डील के तहत उसका प्रत्यर्पण हुआ है।

### ये है भारत के ...

दोनों ने ही राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। ट्रंप ने तो अपने एक बयान में साफ कर दिया था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण में कई बार मुश्किलें भी आईं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों का फायदा उठाते हुए उन मुश्किलों को समाप्त कर दिया।

### कैप्टन अजय यादव की...

सदस्यता से इस्तीफे को उन्होंने बेटे चिरंजीव राव के दखल के बाद वापिस ले लिया था। कैप्टन यादव ने आरोप लगाया कि दक्षिणी हरियाणा, विशेष रूप से अहीरवाल बेल्ट (रेवाड़ी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़), को कांग्रेस में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। उनके बेटे चिरंजीव राव की रेवाड़ी से हार और टिकट वितरण में हुड्डा गुट के दबदबे ने उनकी नाराजगी को बढ़ाया। यादव ने कहा था कि ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष होने के बावजूद उन्हें कोई वास्तविक अधिकार या सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने इसे दिखावटी और दंतहीन पद करार दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने सोनिया गांधी के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद पार्टी हाईकमान के साथ अपने खराब अनुभवों का जिक्र किया था। उनका मानना था कि उनकी 70 साल पुरानी पारिवारिक विरासत को नजरअंदाज किया गया।

**कौन हैं अनिल जयहिंद:** यादव समाज के अनिल जयहिंद उफ अनिल कुमार यादव पेशे से चिकित्सक रहे हैं। शरद यादव के साथ लंबे समय तक समाजवादी राजनीति में रुचि ली। बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले और ओबीसी वोटरों के कांग्रेस से जोडने की रीति नीति से अनिल जयहिंद को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में ओबीसी समुदाय की बड़ी आबादी है, और कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से वहां अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है। हाल के विधानसभा उपचुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर हुआ है, लेकिन उसे अभी भी राजद और जदयू जैसे क्षेत्रीय दलों से कड़ी चुनौती मिल रही है। जयहिंद की नियुक्ति से कांग्रेस बिहार में ओबीसी मतदाताओं को यह संदेश देना चाहती है कि वह उनके हितों को गंभीरता से ले रही है। जयहिंद एक अपेक्षाकृत नया चेहरा हैं और उनकी छवि एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता की है। यह नियुक्ति कांग्रेस के उस प्रयास का हिस्सा हो सकती है, जिसमें वह पुराने नेताओं की जगह नए और ऊर्जावान चेहरों को मौका दे रही है।

**जातिगत समीकरण और राहुल गांधी की रणनीति:** राहुल गांधी ने हाल के वर्षों में जाति जनगणना, ओबीसी आरक्षण और सामाजिक न्याय को अपनी राजनीति का केंद्र बनाया है। जयहिंद की नियुक्ति इस रणनीति को मजबूत करने का हिस्सा हो सकती है, खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। बिहार जैसे राज्य में एक ओबीसी नेता को आगे लाकर कांग्रेस यह दिखाना चाहती है कि वह अपनी बातों को अमल में ला रही है।

### कांग्रेस प्रवक्ता ...

भाषा शैली समझने वाला कोई पंजाबियत दिल वाला नेता प्रभारी होना चाहिए। उम्मीद की जा रही है कि आलोक शर्मा की जगह भूपेश बघेल की मदद करने के लिए पंजाबी भाषी किसी अन्य नेता को आलाकमान मौका दे सकता है। आलोक शर्मा एक मुखर कांग्रेस प्रवक्ता रहे हैं। कई मौकों पर उनके बयानों ने विवाद खड़ा किया है। 2019 में एक टीवी डिबेट के दौरान उन्होंने भाजपा प्रवक्ता पर पानी फेंक दिया था, जिसके बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी। इसके अलावा, हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों ने पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा को जन्म दिया हो सकता है। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में, जहां कांग्रेस को आप और भाजपा से कड़ी चुनौती मिल रही है, पार्टी को एक ऐसा प्रभारी चाहिए हो सकता है जो विवादों से दूर रहकर संगठन को मजबूत करे।

## पत्रकार हत्याकांड में बड़ा खुलासा

# राघवेंद्र जानता था पुजारी की करतूतों का सच!

### तीन गिरफ्तार, शूटरों को वांछित घोषित किया गया

एजेंसी ▶▶ सीतापुर



आठ मार्च को हुए पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। हत्याकांड में पांच लोग शामिल थे जिनमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साजिश में शामिल कारेदेव बाबा मंदिर के पुजारी को उनके दो परिचितों संग गिरफ्तार किया गया है। वहीं, गोली मारने वाले दो शूटरों को वांछित घोषित किया गया है। उन्हें पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की तीन टीमों के अलावा एसटीएफ की सात टीमों ने नोएडा के आसपास डेरा डाला हुआ है। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की 8 मार्च को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हेमपुर ओवरब्रिज पर चार गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। एएसपी डॉ.प्रवीण रंजन सिंह के नेतृत्व में कुल 12 टीमों ने अपनी जांच शुरू की। 34 दिनों में एक हजार से अधिक नंबरों को रडार पर लिया गया। वहीं, सवा सौ संदिग्धों से पूछताछ की गई। टीमों ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले।

### ओवरब्रिज पर बदमाशों ने घेरकर मारी थी गोली

8 मार्च को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर दिनदहाड़े पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी (35) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह बाइक से सीतापुर जिला मुख्यालय के लिए निकले। हाईवे पर इमलिया सुल्तानपुर में हेमपुर ओवरब्रिज पर बदमाशों ने उन्हें रोककर गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

## सेवा व समर्पण के सिद्धांतों पर काम करेगी

# पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने सियासी पारी शुरू की

### बनाई 'हिंद सेना' पार्टी

एजेंसी ▶▶ पटना




बिहार के चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने राजनीति में कदम रखते हुए अपनी नई राजनीतिक पार्टी 'हिंद सेना' के गठन की घोषणा की। पटना के मीडिया से चर्चा करते हुए लांडे ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण के सिद्धांतों पर काम करेगी और बिहार की जनता की आवाज बनने का प्रयास करेगी। शिवदीप लांडे द्वारा यह घोषणा 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले की गई है, जिससे राज्य के सियासी गलियारों में हलचल मच गई है।2006 बैच कैडर के आईपीएस रहे लांडे 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे लांडे ने पिछले साल सितंबर में भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से उनके राजनीति में आने की अटकलें तेज थीं।

### बिहार के सिंघम, सुपरकॉप के नाम से थे मशहूर

अपनी बेबाक और कड़क छवि के लिए मशहूर लांडे को बिहार में 'सिंघम' और 'सुपरकॉप' जैसे नामों से जाना जाता है। उन्होंने पटना, पूर्णिया, अररिया और मुंगेर जैसे जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में काम करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी।

## शिवम ने अपनी जीत का श्रेय महामना को दिया

### 20 दिन बाद सत्याग्रह खत्म

# दलित छात्र का नंगे बदन आंदोलन रंग लाया, बीएचयू को लेना ही पड़ा दाखिला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

बीएचयू में 20 दिन से सत्याग्रह कर रहे छात्र शिवम सोनकर को अंततः जीत मिल गई है। बीएचयू में दूसरे चरण की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के साथ शिवम को दाखिला मिल गया है। दाखिला मिलने पर शिवम ने सबसे पहले मालवीय भवन में महामना की प्रतिमा के सामने शीश नवाया। कई दिनों तक नंगे बदन ही अकेले धरना देने वाले शिवम ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें भरोसा था कि महामना अपने मानस पुत्रों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

### सैकड़ों छात्रों का प्रवेश का मार्ग खुला

शिवम ने स्टूडेंट्स पोर्टल पर आई लिंक से फीस जमा कर एडमिशन लेटर प्राप्त किया। सत्याग्रह के 20वें दिन प्रवेश मिलने पर शोधछात्र ने सभी का आभार जताया। शिवम अब सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत मालवीय सेंटर फॉर पीस का शोधछात्र हो चुका है। दोपहर बाद धरनास्थल पर पहुंचे छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा, प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने छात्र को बधाई दी और धरना समाप्त कराया। शिवम ने अपनी जीत का श्रेय महामना को दिया। कहा कि मुझे खुशी है कि मेरी वजह से सैकड़ों छात्रों के प्रवेश का मार्ग खुला और बीएचयू में खाली सीटों पर अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा।



### संसद तक उठा शिवम का मुद्दा

बीएचयू में शोध प्रवेश में धांधली का आरोप लगाकर धरना देने वाले छात्र शिवम सोनकर का मुद्दा संसद तक उठाया गया। चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने इस प्रकरण पर सवाल पूछे तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर रावण ने मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। छात्र के प्रवेश पर बुधवार को अजय राय ने उसे बधाई दी और इसे उसके संघर्ष की जीत करार दिया।

### शिवम का प्रवेश संघर्ष की जीत

छात्र शिवम सोनकर को बीएचयू द्वारा पीएचडी में प्रवेश दिए जाने पर चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने इसे लोकतंत्र में संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने इस संघर्ष में शामिल सभी समाजवादी साथियों को बधाई दी। जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने बताया कि 31 मार्च को सपा प्रतिनिधिमंडल ने शिवम सोनकर एवं बीएचयू के कार्यवाहक कुलपति संजय कुमार से मिलकर घटनाक्रम की जानकारी ली थी। इसके बाद वीरेंद्र सिंह ने केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बात कर कार्यवाही की मांग की थी।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत

अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानीः** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *




**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन,
**मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

## मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




## जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'

**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

## गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



## डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व

विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशीः** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

# श्याम का गांव



श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी

कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

# गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएंगी, हर विकासखंड में होंगे आईटीआई

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहां की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

युवाओं के व्यवहारिक प्रशिक्षण और अनुभव के लिए तकनीकी विशेषज्ञता वाले विश्वविद्यालयों और निजी औद्योगिक इकाइयों को शैक्षणिक संस्थाओं से जोड़ा जाएगा



**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाए।

### जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

भाषा रोजगार के लिए प्रदेश में प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था के निर्देश

### स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### जरूरत के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।*

---

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के उन्नयन की स्वीकृति और अन्य विकास कार्यों की बहुमूल्य सौगात प्रदान करने पर केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार माना। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गति को और अधिक बढ़ाने के लिए रोड और हाईवे का विशाल नेटवर्क आकार ले रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### शांति बनाए रखने तीन बदमाश जिला बदर

**धमतरी।** धमतरी जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बदमाशों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अविनाश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर वर्ष 2025 में जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। कलेक्टर ने जिले के तीन बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव को जिला बदर का आदेश पारित किया है। जिला बदर किए गए बदमाशों भावेश मंडावी निवासी बनिया पारा, हिमांचल गौतम निवासी मोटर स्टैंड वार्ड और साहिल गौली निवासी रिसाई पारा पूर्व जिला बदर किया गया है।

---

आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का उदय

**मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33% आरक्षण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है।

*बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया*

*लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को सशक्त किया*




### भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे

*केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बताया कि बाल्यावस्था में बच्चों को भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होंगे। हमारा दायित्व है कि हम भारत के भविष्य को पोषण दें। वर्तमान सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।*

### कपड़ा कारखानों में काम करने वाली महिलाओं को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार कपड़ा कारखानों में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अलग से देगी। कंपनी मालिक भी 8 हजार रुपए मेहनताना देंगे। इस प्रकार उनकी मासिक आय 14 हजार 250 रुपए सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। राज्य सरकार ने एक लाख शासकीय पदों पर भर्ती का अभियान शुरू किया है।

### 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर

*सरकार अगले 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर प्रदान करेगी। हमारी सरकार में हर बेरोजगार के हाथ में रोजगार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार के बदनावर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 10 अप्रैल को धार को देवास से जोड़ने वाली 4 लेन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की नई सौगातें मिलेंगी। 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण की सौगात भी मिलेगी। शुक्रवार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम आ रहे हैं। इसके बाद रविवार 13 अप्रैल को केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह सहकारी सम्मेलन में भोपाल आएंगे। सहकारिता कार्यों को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ अनुबंध करेंगे।*

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव


समारोह में ग्राम पिपलिया सरपंच श्रीमती अनीता लोकेश पांचाल ने मंच से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य के अनुभव साझा कर बताया कि पहले बावड़ी बहुत गंदी थी। जनसहयोग एवं जन भागीदारी से बावड़ी का पानी पीने योग्य हो गया है। ग्राम झड़दा निवासी सुखली बाई ने स्व-सहायता समूह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर की स्थिति खराब थी लेकिन श्री सांई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद ऋण प्राप्त किया।

---

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हरदा के ग्राम पोखरनी पहुंचे

## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर हितानंद ने किया गोशाला में श्रमदान

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी के स्थापना दिवस के अंतर्गत गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत बुधवार को हरदा जिले के टिमरनी विधानसभा के करताना मंडल के ग्राम पोखरनी में बूथ समिति की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया एवं गोशाला में श्रमदान कर शोभायात्रा में शामिल हुए। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से दो सांसदों से देश सेवा का सफर शुरू करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है। भाजपा राष्ट्र प्रथम व अंत्योदय के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गरीब, युवा, महिला व किसान कल्याण के साथ भारत को विकसित राष्ट बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



### भाजपा ने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित दल है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने विचारों से कभी समझौता नहीं करता। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता देश और समाज की सेवा कर रहा है और जरूरत पड़ने पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को भी तैयार रहता है। पार्टी का स्थापना दिवस हमें अपने संगठन के महापुरूषों के पथ पर चलते हुए देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष पुत्र** स्व0 सुरजीत सिंह उर्फ सोनू राणा, **निवासी RZ-53/T,** गली नं0–5, हरिजन बस्ती, गीतांजलि पार्क, सागरपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 35/18, U/S 33 Excise Act, पुलिस सागरपुर, दक्षिण–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 35/18, U/S 33 Excise Act, पुलिस सागरपुर, दक्षिण–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0 18, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4542/SW/2025
(Court Matter)

---

## एक मई से मप्र में लागू होगी स्मार्ट पीडीसी स्कीम, अब शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण ई-केवाईसी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब उसी हितग्राही को पीडीएस का खाद्यान्न मिलेगा, जिनका ई-केवाईसी हो चुका है। बगैर ई-केवाईसी के किसी भी हितग्राही को अब खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा। राज्य शासन ने कहा कि मप्र में स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू किया जाना प्रस्तावित है। पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों से हर हाल में ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इस कार्य में लगी टीम ग्राम, मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा

*एसीएस शमी ने गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर बारदाना एवं हम्माल, तुलावटी की समुचित व्यवस्था करें। स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों की ओर से स्लॉट बुक कर लिया गया है, उनसे उपज विक्रय के लिए सम्पर्क करें। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूँ का ही उपार्जन करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थल, पेयजल एवं जनसुविधा की व्यवस्था करें।*

### गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की

अपर मुख्य सचिव (खाद्य) रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवाएं। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल एप से भी ई-केवाईसी किया जा सकता है।

---

बालको थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



बालको थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। परसाभांटा शिव मंदिर के पास 22 वर्षीय जयप्रकाश यादव ने अज्ञात कारणों से अपने घर के आंगन में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह पिता ने बेटे का शव फंदे पर लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते इलाके में खबर फैल गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पिता ने बताया कि वे नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर गए थे। घर पर जयप्रकाश और उनकी पत्नी अकेले थे। सुबह ड्यूटी से लौटने पर उन्होंने बेटे को पेड़ पर लटका पाया और तुरंत आसपास के लोगों व पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, जयप्रकाश पहले ड्राइवर था, लेकिन काम बंद होने के बाद मजदूरी कर रहा था। रात को खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने गया था। उनकी शादी को अभी 11 महीने ही हुए थे और कोई संतान नहीं थी। बालको पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारा। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच जारी है।

---

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को महासमुंद जिले के खल्लारी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध माता खल्लारी मंदिर और श्रीराम-जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद वे आदिवासी कंवर पैकरा समाज की महासभा में शामिल होने पहुंचे।

---

लाइसेंस शुल्क में एक अप्रैल से 15% की बढ़ोतरी

## एमसीडी द्वारा व्यापार लाईसेंस शुल्क बढ़ायें जाने पर व्यापारी नाराज !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम ने व्यापार लाईसेंस शुल्क एक अप्रैल 2025 से पन्द्रह फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है! इस पर व्यापारियों ने विरोध जताया है! दिल्ली में व्यापारियों के हित में कार्य कर रही संस्था ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन की सलाहकार सामाजिक कार्यकर्ता मीना श्रीवास्तव का कहना है कि दिल्ली नगर निगम का यह निर्णय मंहगाई और मंदी से जूझ रहे छोटे व्यापारियों के लिए एक और बड़ा झटका है ! छोटी दुकान चलाने वाले दुकानदार को आठ हजार नौ सौ (8900/-) रुपये का वार्षिक लाइसेंस शुल्क चुकाना होगा साथ ही छह हजार (6000/-) रुपये यूजर चार्ज भी जोड़ दिया गया है ! मीना श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता एवं उपराज्यपाल श्री विनय सक्सेना से दिल्ली नगर निगम सदन द्वारा बढ़ाये गये व्यापार लाईसेंस शुल्क और यूजर चार्ज को हटाने की मांग की !



---

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04402/04401 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04402 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04401 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04402 नई दिल्ली** से दिनांक 15.04.2025 से 18.04.2025 तक एवं **04401 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 16.04.2025 से 19.04.2025 तक। **ठहराव:** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन। **स्थान:** वाता-3 टीयर एवं द्वितीय श्रेणी।

**04404/04403 दिल्ली जं. - वाराणसी जं. - दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04404 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04403 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:15 | दिल्ली जं. | 08:50 | ---- |
| 09:30 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:35 |

**चलने के दिन: 04404 दिल्ली जं.** से दिनांक 16.04.2025 एवं 18.04.2025 तक (बुधवार एवं शुक्रवार) एवं **04403 वाराणसी जं.** से दिनांक 17.04.2025 एवं 19.04.2025 तक (वीरवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04406/04405 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04406 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04405 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04406 नई दिल्ली** से दिनांक 11, 14 एवं 17.04.20245 तक (शुक्रवार, सोमवार एवं वीरवार) एवं **04405 दरभंगा** से दिनांक 12, 15 एवं 18.04.2025 तक (शनिवार, मंगलवार एवं शुक्रवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04408/04407 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04408 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04407 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04408 नई दिल्ली** से दिनांक 12, 15 एवं 18.04.20245 तक (शनिवार, मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04407 दरभंगा** से दिनांक 13, 16 एवं 19.04.2025 तक (रविवार, बुधवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04410/04409 नई दिल्ली - दरभंगा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04410 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04409 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 16:50 | ---- |
| 14:20 | ---- | दरभंगा | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04410 नई दिल्ली** से दिनांक 13, 16 एवं 19.04.20245 तक (रविवार, बुधवार एवं शनिवार) एवं **04409 दरभंगा** से दिनांक 14, 17 एवं 20.04.2025 तक (सोमवार, वीरवार एवं रविवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04412/04411 आनन्द विहार (ट) - भागलपुर - आनन्द विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04412 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04411 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:10 | आनन्द विहार (ट) | 14:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | भागलपुर | ---- | 14:30 |

**चलने के दिन: 04412 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 14, 16 & 18.04.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) एवं **04411 भागलपुर** से दिनांक 15, 17 एवं 19.04.2025 तक (मंगलवार, वीरवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04414/04413 दिल्ली जं. - सहरसा जं. - दिल्ली जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04414 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04413 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:20 | दिल्ली जं. | 20:10 | ---- |
| 16:00 | ---- | सहरसा जं. | ---- | 20:00 |

**चलने के दिन: 04414 दिल्ली जं.** से दिनांक 11, 12, 14 एवं 18.04.2025 तक (शुक्रवार, शनिवार, सोमवार एवं शुक्रवार) एवं **04413 सहरसा जं.** से दिनांक 12, 13, 15 एवं 19.04.2025 तक (शनिवार, रविवार, मंगलवार एवं शनिवार)। **ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., बरौनी जं. एवं खगड़िया जं. स्टेशन। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1089/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड राणा का प्रत्यर्पण बड़ी जीत

मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना आतंकवाद के खिलाफ सरकार की बड़ी कामयाबी है। 17 वर्ष पहले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पाकिस्तानी आतंकी हमले से दहल उठी थी। इस हमले की साजिश रचने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आतंकी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अथक भूमिका रही, जिसमें अमेरिकी न्याय विभाग ने मदद की। यह भारत व अमेरिका के बीच मधुर संबंध के चलते भी संभव हो सका है। अमेरिकी न्याय प्रक्रिया इतनी पेचीदी है, जिसमें किसी आरोपित का प्रत्यर्पण कराना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। राणा द्वारा इस कदम को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार प्रत्यर्पण हो पाया। अपीलीय अदालत में कई मुकदमे दायर हुए। सबमें राणा को निराशा मिली। भारत ने पुख्ता सुबूत पेश किए थे। पाकिस्तान में जन्मे कनाडाई नागरिक राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ अन्य पाकिस्तान स्थित सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में विनाशकारी आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत एलईटी और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। राणा के प्रत्यर्पण के जरिये भारत ने पाकिस्तान समेत अन्य षड्यंत्रकारियों को दो टूक संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देकर कोई बच नहीं सकता है। न दुनिया के किसी देश में छुपा रह सकता है। देर सबेर भारत के खिलाफ आतंकवाद करने वाले सभी गुनहगारों को भारतीय कानून के कटघरे में आना ही होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त है और अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आ गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के पाकिस्तान में छिपे अन्य साजिशकर्ताओं को भी बेनकाब करने की जरूरत है। राणा को लेकर पाकिस्तान ने बेशक पल्ला झाड़ा हो कि वह कनाडाई नागरिक है, उससे उसका कुछ लेना देना नहीं है, जबकि भारत सबूत दे चुका है कि मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट शामिल था, उसके आतंकी शामिल थे, कसाब पाक नागरिक था। आतंकी कसाब को मुंबई की एक अदालत ने मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और 2012 में उसे फांसी दे दी गई थी। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के आरोपियों को कितना भी बचाने की कोशिश करे, भारत बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम रहेगा। राणा को न्याय का सामना करने के लिए भारत लाए जाने से भारत में आतंकवाद के अंत की यात्रा आगे बढ़ी है। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुआ आतंकी हमला हमारे देश के लिए एक भयावह घटना थी, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा से भारत में पूछताछ में यह बात सामने आएगी कि हेडली ने उसे क्या बताया था। उस साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना ही होगा। भारत में आतंक के गुनहगारों को मृत्युदंड जैसी कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। देश में इस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मुद्रा लोन से युवा हुए आत्मनिर्भर



मुद्रा योजना 10 वर्ष
सतीश सिंह

> प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई।

आठ अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए। इन 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 78% या 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 20 प्रतिशत या 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में लगभग 136 करोड़ की आबादी थी, जिसमें से 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या लगभग 37 करोड़ थी और अब तक 52 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा ऋण की मदद से बैंक से जुड़े चुके हैं। दिलचस्प यह है कि शिशु श्रेणी की हिस्सेदारी 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक घटकर 51.7% रह गई,जबकि किशोर श्रेणी की 2016 में हिस्सेदारी 5.9% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक बढ़कर 44.7% हो गई। ये आंकड़े बताते हैं कि विगत सालों में शिशु श्रेणी के प्रमोटरों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। शिशु श्रेणी के तहत 50,000 रुपये तक ऋण दिया जाता है, जबकि किशोर श्रेणी के अंतर्गत 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक का ऋण, तरुण श्रेणी के तहत 5 लाख से 10 लाख रुपये तक का ऋण और तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है। तरुण प्लस के तहत उन्हीं ऋणियों को उधारी दी जाती है, जिन्होंने पहले लोन लिया था और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण की राशि को क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स द्वारा गारंटी दी जाती है अर्थात अगर किसी भी वजह से ऋणी ऋण नहीं चुका पाता है तो कुछ शर्तों को पूरा करने पर यह संस्थान बकाये ऋण का भुगतान कर देती है, जिससे बैंक का वितीय बोझ नहीं बढ़ता है। विगत 10 सालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा काफी बढ़ा है। शुरुआत में मुद्रा लोन सिर्फ विनिर्माण, ट्रेडिंग, सेवा आदि क्षेत्रों के लिए ही दी जाती थी। बाद में इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2018 से ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीदने के लिए भी यह लोन दिया जाने लगा। वहीं, वित्त वर्ष 2019 से मोटरसाइकिल के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए भी यह ऋण दिया जाने लगा। मुद्रा ऋण लेने में किसी को परेशानी नहीं हो, इस के लिए बैंक शाखाओं में हैंड-होल्डिंग की व्यवस्था की गई है, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, ऋण आवेदन पत्र का सरलीकरण किया गया है, सरकारी बैंकों में मुद्रा लोन की मोनीटरिंग हेतु नोडल ऑफिसर की पदस्थापना की गई है। मुद्रा योजना के तहत ऋण के वितरण की समय-समय पर सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है, किस्तों के भुगतान के दौरान शिशु श्रेणी के पात्र ऋणियों को दिए जाने वाले 2% के इंटरेस्टसवमेंशन



का विस्तार सभी श्रेणियों के लोन के लिए किया गया है आदि। इन प्रावधानों से मुद्रा ऋण लेने वाले लोगों की संख्या में निरंतर तेजी आ रही है। वर्ष 2025 में लोन का औसत टिकट साइज 1.02 लाख रुपये है, जो वित्त वर्ष 2023 में 72,000 रुपये और वर्ष 2016 में 38,000 रुपये था। अपने आगाज के पहले 3 वर्षों में इस योजना के तहत दी गई उधारी की वृद्धि दर 33% थी, जिसमें कोरोना काल में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर से वित्त वर्ष 2023 में इसमें 36% की वृद्धि देखी गई। इस तरह, आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समावेशी विकास को बढ़ाने में भी महती भूमिका निभा रहा है,क्योंकि 52 करोड़ लोगों में से आधे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से हैं। इतना ही नहीं, 68% लाभार्थी महिलाएं हैं और 11% लाभार्थी अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं। ये आंकड़े कहते हैं कि इस योजना की सहायता से समाज में आर्थिक समानता आ रही है। साथ ही इससे देश के विकास में सभी वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो रही है। इस योजना के सन्दर्भ में यदि राज्यवार महिला उद्यमियों की बात करें तो सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिलाएं बिहार से हैं, जबकि तमिलनाडु में महिलाओं की संख्या 4 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़ है। सबसे अधिक महिला खाताधारक यानी 79% महाराष्ट्र से हैं, जबकि 75% के साथ झारखंड दूसरे स्थान पर है और 73% के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर काबिज है। यह भी दिलचस्प है कि विगत 9 वर्षों में प्रति महिला ऋणी को दी गई उधारी की राशि 62,679 रुपये से बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है, जो बताता है कि सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उदयम पोर्टल में पंजीकृत उद्यमियों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में महिलाओं की संख्या 20.5% है, जबकि रोजगार सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 18.73% है। महिला उद्यमी के अगुआई में सबसे अधिक 15.7% रोजगार सृजन तमिलनाडू में हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 12.1% एवं कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में 8% रोजगार सृजित हुआ है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना राज्यों के बीच समानता लाने का भी काम कर रही है। इस योजना की मदद से हाल में पिछड़े राज्यों में ज्यादा लोग बैंक से जुड़े हैं और वहाँ ज्यादा ऋण वितरित किया गया है, जिससे वहां के लोग आत्मनिर्भर हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर बिहार में ऋण वितरण 5.67% से बढ़कर 10.97% हो गया है, जबकि उत्तरप्रदेश में ऋण वितरण 9.27% से बढ़कर 11.30% हो गया है और ओड़िसा में यह 4.24% से बढ़कर 4.51% हो गया है। मुद्रा लोन के तहत विकसित राज्य गुजरात में विगत 5 सालों यानी वित्त वर्ष 2020-21 से नवंबर 2024 तक के बीच कुल 70,051 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए और विगत 4 वर्षों में ऋण वितरण में 74% की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत गुजरात में नवंबर 2024 तक 1.95 करोड़ मुद्रा ऋण के खाते खोले गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के नवंबर महीने तक इस योजना के तहत 80.5 लाख खाते खोले गए थे। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में इसके बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 सालों में वितीय समावेशन के सपने को साकार करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, समावेशी विकास के सपने को सच करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने आदि में महती भूमिका निभाई है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रौद्योगिकी

डॉ. मोनिका शर्मा




# तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज़ के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है । इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
**दर्शन**

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## महावीर जयंती



जबलपुर में गुरुवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में जैन श्रद्धालु शामिल हुए।

## आज की पाती

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। *– रीमा शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### हिंदुओं को अधिकार



1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### महावीर जयंती की बधाई



भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण



कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में खासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### जियो और जीने दो



आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर

# पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# मानव दांत कोई खतरनाक हथियार नहीं, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

### महाराष्ट्र में महिला ने लगाया था ससुराल पक्ष पर आरोप

## औरंगाबाद पीठ की जज कंकनवाड़ी, न्यायमूर्ति देशमुख ने सुनाया फैसला

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

महाराष्ट्र में एक मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला की अपने ससुराल पक्ष पर दांत से काटे जाने का आरोप लगाया था। बंबई हाईकोर्ट ने महिला द्वारा उसके ससुराल वालों के खिलाफ की गई शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि मानव दांतों को ऐसा खतरनाक हथियार नहीं माना जा सकता है, जिससे गंभीर नुकसान की संभावना हो।हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ की जज विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति संजय देशमुख ने 4 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता के चिकित्सा प्रमाणपत्र से पता चलता है कि दांतों के निशान से उसे केवल मामूली चोट लगी। इसी चोट के आधार पर महिला ने अप्रैल 2020 में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था

प्राथमिकी के मुताबिक ससुराल पक्ष के साथ हाथापाई के दौरान एक रिश्तेदार ने महिला को काट लिया, जिससे उसे खतरनाक नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक महिला की शिकायत के आधार पर आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता के अनुसार चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था।



**धारा 324 ने किया बचाव**

भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार का उपयोग करके चोट पहुंचाना) के तहत, चोट किसी ऐसे उपकरण से लगी होनी चाहिए जिससे मृत्यु या गंभीर नुकसान होने की आशंका हो अगर ऐसा नहीं है तो यह मामला नहीं बनता है

### दांतों से केवल साधारण चोट लगी

कोर्ट ने आरोपियों द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए केस को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चलता है कि दांतों से केवल साधारण चोट लगी थी। इसके कारण यहां पर धारा 324 के तहत अपराध नहीं बनता है। ऐसे में ससुराल पक्ष या अभियुक्त पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट की ओर से कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच में संपत्ति का विवाद प्रतीत होता है।

### उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को हाईकोर्ट ने किया बरी

## बिना गलती जेल में गुजर गए 20 साल, अब दोषमुक्त

चंडीगढ़। हरियाणा के सोनीपत जिले के समचाना गांव के निवासी कृष्ण को लगभग दो दशक बाद हत्या के मामले में बरी कर दिया गया है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने




अपने फैसले में कृष्ण को दोषमुक्त करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष इस मामले में संदेह से परे अपराध सिद्ध करने में विफल रहा है। यह फैसला जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ द्वारा सुनाया गया। यह मामला वर्ष 2001 का है, जब बाला नामक महिला का शव 19 अगस्त को सोनीपत के बख्तावरपुर गांव में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना गया, लेकिन 4

**अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं**

उन्होंने आरोप लगाया कि बाला और कृष्ण के बीच कथित अवैध संबंधों के चलते यह हत्या की गई। शिकायत के आधार पर 23 अगस्त 2001 को मुरथल पुलिस स्टेशन में संविधान की धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। दिसंबर 2001 में कृष्ण को गिरफ्तार किया गया और केवल उसी को आरोपित बनाकर हत्या के आरोप में अदालत में पेश किया गया, जबकि अन्य आरोपितों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

---

**खबर संक्षेप**

### बोतल में पेट्रोल न देने पर मैनेजर की हत्या

**बुलंदशहर।** पेट्रोल पंप पर बाइक सवार को बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर पेट्रोल पंप मैनेजर की



गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिकंदराबाद क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक पेट्रोल पंप पर दो लोग आए और बाइक में 200 रुपए का पेट्रोल भरवाया। उन्होंने एक खाली बोतल में भी पेट्रोल मांगी जिस पर सेल्समैन ने पेट्रोल देने से मना कर दिया।

### 3 मासूमों के साथ तालाब में कूद गई महिला

**भदोही।** यहां के दुर्गागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जद्दोपुर गांव में गुरुवार सुबह दिल दहला देने वाली एक



घटना सामने आई है। अन्नू देवी अपने 3मासूम बच्चों के साथ तालाब में कूद गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। अब तक केवल एक बच्चे का शव उतराया मिला था। गोताखोरों की टीम उनकी तलाश कर रही है।

### राष्ट्रपति, पीएम ने जयंती की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को



देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं।जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की 2623वीं जयंती मनाई जा रही है।राष्ट्रपति ने लिखा, महावीर जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई।

### टीचर ने बच्चे को खून से लथपथ कर दिया

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने



आई है। यहां एक ट्यूशन टीचर ने सिर्फ इसलिए मासूम छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी क्योंकि उसने होमवर्क पूरा नहीं किया था। पिटाई इतनी ज्यादा की कि बच्चा खून से लथपथ हो गया और उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले।

---

### वक्फ कानून पर घमासान नहीं थम रहा, सियासी बयानबाजी चरम पर

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में शुरू करेगा आंदोलन, कोलकाता में सड़क पर बैठा समाज

**वक्फ बचाओ मुहिम शहर से गांव तक**

## हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ कानून को लेकर घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसको लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। इस बीच अब वक्फ कानून को लेकर सड़कों पर उतरकर देशभर में धरना प्रदर्शन करने की भी तैयारी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानून के खिलाफ देशभर में धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है, जो करीब एक महीने तक चलेगा। बोर्ड ने इसे 'वक्फ बचाओ मुहिम' का नाम दिया गया, जिसके पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से हो गया है और 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। मुंबई में मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू करेगा। इसके अलावा इसे लेकर कोलकाता के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। आगजनी की। रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ विशाल प्रदर्शन हुआ. पश्चिम बंगाल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी ने इसे 'काला कानून' करार दिया।

■ भाजपा ने भी काउंटर करने की कर ली तैयारी

करीब एक महीने तक चलेगा इस पर विरोध

बताया जा रहा कि 7 जुलाई को होगा पटाक्षेप

**50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला विंग भी उतरेगी**




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा देश के बड़े 50 शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग करने की बात कही। वहीं, महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला विंग भी मैदान में उतरेगी और अलग-अलग प्रोगाम आयोजित करेगी।

**गांव तक चलेगा अभियान,22 को दिल्ली में 'वक्फ की हिफाजत'**

बोर्ड के मुताबिक वक्फ कानून के विरोध में सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्यूमन चेन बनाकर या फिर दूसरे तरीकों से विरोध दर्ज कराएंगे। ये अभियान शाह बानो मामले की तरह शहर से गांव तक चलाया जाएगा। बोर्ड ने 22 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में 'वक्फ की हिफाजत' के नाम से एक कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल रात 9 बजे वक्फ के विरोध में लाइटें आधे घंटे के लिए बंद करें।

### अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मोइत्रा

## ओवैसी समेत 10 याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई

वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इस बिल के खिलाफ टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट चली गई है। महुआ मोइत्रा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथ की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।



### नड्डा ने कांग्रेस पर वक्फ के बारे में मुस्लिमों के बीच गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया

## भाजपा का 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' 20 अप्रैल से 5 मई तक

**अभियान को लेकर नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान करेगी, जो 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के साथ, भाजपा कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से फैलाई गई गलत सूचनाओं को उजागर करना चाहती है, साथ ही मुस्लिम समुदाय को वक्फ कानून सुधारों के लाभों के बारे में शिक्षित करना चाहती है। इस पहल को शुरू करने के लिए, भाजपा ने पार्टी मुख्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और वक्फ कानून के बारे में मुस्लिम समुदाय के बीच गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में मुस्लिम भाइयों और बहनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ेंगे और झूठ को उजागर करेंगे तथा नए कानून के वास्तविक उद्देश्य और लाभों को स्पष्ट रूप से समझाएंगे। उन्होंने बताया कि वक्फ सुधार वंचित मुसलमानों के लाभ के लिए वक्फ संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेंगे, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में, जिससे जरूरतमंद लोगों के लिए अधिक अवसर और सहायता प्रणाली बनेगी।अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी में भाग लिया। उन्होंने वक्फ सुधारों के बारे में गहन जानकारी दी। इस प्रशिक्षण सत्र के लिए भाजपा ने प्रत्येक राज्य से 3-4 नेताओं को आमंत्रित किया था, जिसमें प्रत्येक राज्य के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष भी शामिल थे। अब जिला स्तर के नेताओं को प्रशिक्षित करने राज्यों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

---

### नाम बदलने पर छिड़ा विवाद

## एएसआई ने जामा मस्जिद के बोर्ड पर लिखा जुमा, विरोध






एजेंसी ▶▶ संभल


यहां की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है। दस्तावेज और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने कहा कि जब रिकॉर्ड ,एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है तो मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है।

### एएसआई की सुविधा के अनुसार लगी पट्टिका

बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखा गया है। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है।उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था।

---

### जय महावीर स्वामी



**अजमेर।** जैन समुदाय के सदस्य गुरुवार को अजमेर में महावीर जयंती के अवसर पर जुलूस में भाग लेते हुए।

### राणा का प्रत्यर्पण मोदी के नेतृत्व में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की बड़ी जीतः पूनावाला

# अपराधी पाताल में ही क्यों न छिपा हो, भारत अब उसे न्याय के कटघरे में लाने की रखता है ताकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर कहा कि उसे अमेरिका से भारत लाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी अपराधी पाताल में ही क्यों न छिपा हो, भारत अब उसे ढूंढकर न्याय के कटघरे में लाने की ताकत रखता है।' भाजपा प्रवक्ता ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की बड़ी जीत बताया। पूनावाला ने कहा कि यह प्रत्यर्पण सिर्फ एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत के नए संकल्प और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए शासन में आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई की बजाय वोट बैंक की राजनीति की जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय कुछ आतंकियों को सिर्फ इसलिए छोड़ दिया गया क्योंकि वे एक खास धर्म से थे। उन्होंने दावा किया कि उस दौर में पाकिस्तान को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' का दर्जा दिया जाता था, जबकि आज ऐसे देश को 'मुंहतोड़ जवाब' (एमर्ज) की नीति अपनाई जाती है। भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उस कथित बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने शहीद हेमंत करकरे की मौत के लिए आतंकियों की बजाय पुलिसवालों को दोषी ठहराया था। उन्होंने पूछा कि क्या अब वे लोग माफी मांगेंगे जिन्होंने 26/11 को संघ या हिंदुओं की साजिश बताया था? उन्होंने यह भी कहा कि 2004 से 2014 के बीच हुए आतंकवादी हमलों की लंबी सूची इस बात का प्रमाण है कि उस समय राजनीतिक इच्छाशक्ति की भारी कमी थी। वहीं, अब मोदी सरकार के नेतृत्व में एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज भारत 17 से 18 देशों से अपराधियों और आतंकियों को प्रत्यर्पित करवा रहा है। यह भारत की कूटनीतिक सफलता और वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति का संकेत है।

---

### बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक काठमांडू में

# चौहान ने भगवान पशुपतिनाथ के किए दर्शन, रूद्राक्ष व हरसिंगार के पौधे रोपे

## सपरिवार मंदिर में जाकर टेका माथा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के लिए काठमांडू (नेपाल) के दौरे पर हैं। चौहान ने गुरुवार को बैठक के बाद सपरिवार भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन किया। शिवराज ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। चौहान ने लिखा कि भगवान पशुपतिनाथ के पावन प्रांगण में रुद्राक्ष और हरसिंगार के पौधे रोपने का सौभाग्य मिला।



**श्रद्धालुओं से मुलाकात की**

चौहान ने कहा कि भगवान से यही कामना है कि वो सदबुद्धि दें, सबका कल्याण करें और सबको सही मार्ग पर चलाएं। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। बारिश से बचने हाथ में छाता लेकर चलते दिखाई दिए।

### कर्म के मार्ग को शिव की प्रेरणा बताया

चौहान ने लिखा कि 4 वर्ष पूर्व नर्मदा मैया की गोद में रोपे संकल्प का बीज पशुपति महादेव के आंगन तक पहुंच गया है। मैं तो बस एक निमित्त हूं, कर्म का यह मार्ग, शिव की प्रेरणा है। महादेव की कृपा बनी रहे और प्रकृति की सेवा का यह संकल्प इसी प्रकार पल्लवित, पुष्पित होता रहे। पशुपतिनाथ के चरणों में यही प्रार्थना है। हर हर महादेव। उन्होंने कहा कि जीवन धन्य हो गया। हमें नई उर्जा और प्रेरणा मिली।

---

### केंद्रीय मंत्री जोशी और मुख्यमंत्री योगी ने बैठक में लिया हिस्सा

# यूपी में गेहूं खरीद, पीएम-कुसुम योजना व सूर्य घर की समीक्षा की

## जोशी ने मोहनलालगंज मंडी में गेहूं क्रय केंद्र का किया दौरा, किसानों से मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश में गेहूं खरीद, प्रधानमंत्री-कुसुम योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा और भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सचिव निधि खरे भी उपस्थित रहीं। बैठक में उत्तर प्रदेश द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 22 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।



**सौर पंप परियोजना को भी देखा**

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने लखनऊ के बक्शी का तालाब तहसील के डुग्गौर ग्राम में पीएम-कुसुम सी-1 योजना के अंतर्गत स्थापित सौर पंप परियोजना का भी अवलोकन किया। यहाँ स्थानीय निवासी मोहम्मद अहसान अली खान ने अपने निजी 7.5 एचपी ऑन-ग्रिड पंप के लिए 11.2 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है, जिसकी कुल लागत 6,23,909 रूपये है। इसमें 1,87,173 रुपए की राशि केंद्र सरकार और 3,74,345 रुपए राज्य सरकार द्वारा अनुदान स्वरूप प्रदान की गई, जबकि लाभार्थी का स्वयं का खर्च मात्र 62,391 रुपए रहा है।

**खरीद प्रक्रिया को देखा**

जोशी ने लखनऊ के मोहनलालगंज मंडी में गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ई-पॉप मशीन के माध्यम से हो रही गेहूं की खरीद, सफाई और माप की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए जाना कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार द्वारा तकनीक के इस्तेमाल से उनकी फसल की बिक्री पारदर्शी और सुविधाजनक हो रही है।

### सब्सिडी भी दी जा रही

जोशी ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं-पीएम कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर योजना को प्रभावी रूप से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजना है कि किसानों को अधिकतम लाभ मिले। जोशी ने कहा कि पीएम-कुसुम योजना के कारण अब किसान केवल बिजली पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वह स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से भी खेती कर रहा है। इससमें सरकार 90 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान कर रही है, जिससे किसान सोलर सिस्टम को सस्ती दरों पर स्थापित कर सकें।

## खबर संक्षेप

### डायरेक्ट सेलिंग उद्योग में चार फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** 'डायरेक्ट सेलिंग' उद्योग वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 4.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 22,150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग से इस दौरान लगभग 1.86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़ें जिससे इनकी कुल संख्या लगभग 88 लाख हो गई।

### डीपी वर्ल्ड मुंद्रा ने 14 लाख टीईयू का किया संचालन



**नई दिल्ली।** वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के मुंद्रा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (एमआईसीटी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक आधार पर 13 प्रतिशत अधिक 14,97,228 टीईयू का संचालन किया। कंपनी बयान के अनुसार, टर्मिनल ने 762 जहाजों को सेवाएं दीं जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 6.57 प्रतिशत अधिक है।

### लेक्सस इंडिया की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी लेक्सस इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई। कंपनी बयान के अनुसार, चौथी (मार्च) तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी ने बिक्री के सटीक आंकड़े साझा नहीं किए। इस बीच, लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने देश भर में 6,500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन 'चार्जिंग पॉइंट' स्थापित किए हैं। 'चार्ज माई ऑडी' पहल के दूसरे चरण तहत ये चार्जर स्थापित किए गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

# मूडीज ने 2025 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी मूडीज एनालिटिक्स ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने यह कदम अमेरिका के जवाबी शुल्क से जुड़े जोखिमों को देखते हुए उठाया है।

■ मूडीज ने अमेरिका के जवाबी शुल्क के जोखिमों को देखते उठाया कदम

मूडीज ने कहा कि अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, इसलिए भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा।


## जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 फीसदी किया

### 75 देशों पर लागू होने वाला था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को 75 देशों पर नौ अप्रैल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। हालांकि, अमेरिका ने चीनी आयात पर कर की दर को 'तुरंत प्रभाव' से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

### 10 फीसदी का उच्च शुल्क जारी रहेगा

हालांकि, पांच अप्रैल से लागू 10 प्रतिशत का उच्च शुल्क जारी रहेगा। भारत के मामले में, अमेरिका को निर्यात के लिए चुकाए जाने वाले 26 प्रतिशत के अतिरिक्त शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया गया है।




### मुद्रास्फीति की गति में कमी आ रही

मूडीज ने कहा, "चूंकि सकल मुद्रास्फीति में अच्छी गति से कमी आ रही है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो दर में कमी करेगा, जो संभवतः 0.25 प्रतिशत की कटौती के रूप में होगी, जिससे वर्ष के अंत तक नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत रह जाएगी।"

### पहले 6.4 फीसदी अनुमानित था

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'एपीएसी आउटलुकः यू.एस. वर्सेज देम' में कहा गया है, "हमने भारत के 2025 में जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मार्च के 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इसने कहा कि रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण और कपड़ा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

*बाहरी मांग अपेक्षाकृत कम रहेगी* : *मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि फिर भी, 'हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूता रहेगी क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का अपेक्षाकृत काफी छोटा हिस्सा है।'*

*कर प्रोत्साहनों से मिलेगा बढ़ावा* : *मूडीज ने कहा, "इसी वर्ष घोषित कर प्रोत्साहनों से घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और अन्य कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में समग्र वृद्धि पर शुल्क के झटके को कम करने में मदद मिलेगी।"*

### आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने किया आगाह

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर विचार करे भारत, शून्य-से-शून्य शुल्क करे पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर गुरुवार को आगाह किया और कहा कि इसके तहत अमेरिका की कई मांगें जैसे कि न्यूनतम मूल्य समर्थन के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि को कम करना, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य आयात की अनुमति देना, कृषि शुल्क कम करना, दवा एकाधिकार को बढ़ाने के लिए पेटेंट कानूनों में बदलाव करना और अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गजों को सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचने की अनुमति देना... बड़े जोखिम उत्पन्न करते हैं।

### खुदरा विक्रेताओं को हानि हो सकती है

जीटीआरआई ने कहा कि इन जोखिमों में किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और छोटे खुदरा विक्रेताओं के अस्तित्व को होने वाली हानि शामिल है। इसमें कहा गया, कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

*भारत को अमेरिका के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि इससे कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे घरेलू क्षेत्रों के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।*

■ एफटीए पर बातचीत पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए

■ कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे क्षेत्रों में चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है

■ ' कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोग होंगे प्रभावित



*यूरोप ने भी इसी तरह के सौदे सुझाए : यूरोप ने अमेरिका को इसी तरह के सौदे का सुझाव दिया है। 'शून्य-से-शून्य' शुल्क से तात्पर्य किसी देश से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाना है। श्रीवास्तव ने रसायन, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों में चीन के साथ उत्पाद मूल्य श्रृंखला बनाने का सुझाव दिया।*

### एफटीए से भारत बचे

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए से बचें क्योंकि इससे भारत को नुकसानदेह रियायतें देने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह ऐसा सौदा है जिससे भारत को जितना लाभ होगा, उससे कहीं अधिक नुकसान होगा।

### औद्योगिक वस्तुओं पर समझौता कर सकते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत कार जैसी संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर 90 प्रतिशत औद्योगिक वस्तुओं पर अमेरिका के साथ सीमित 'शून्य-से-शून्य' शुल्क समझौते का प्रस्ताव कर सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक ने कहा, '' यदि अमेरिका इसे स्वीकार कर लेता है, तो यह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के अनुरूप केवल वस्तुओं का समझौता बन सकता है।

### कार पर शुल्क कम करने से होगा नुकसान

कार पर शुल्क कम करने से उस क्षेत्र को नुकसान हो सकता है जो भारत के विनिर्माण उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। 1990 के दशक में भारी शुल्क कटौती के बाद ऑस्ट्रेलिया के कार उद्योग का पतन एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण है।

### पांच अप्रैल से 10 फीसदी मूल शुल्क लागू रहेगा

आर्थिक शोध संस्थान ने अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कदम को 90 दिन के लिए टालने के निर्णय की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। हालांकि अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले घरेलू सामानों पर पांच अप्रैल से 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है।

## पीयूष गोयल 13 को भारत के सबसे बड़े बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो-वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो - वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 - का उद्घाटन 13 अप्रैल 2025 को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन वैश्विक निर्माण और बुनियादी ढांचा उद्योग का एक ऐतिहासिक समागम होगा, जिसमें 27,000 वर्ग मीटर के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में 250 से अधिक प्रदर्शक, 50,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 700 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रदर्शनी के लिए हाल ही में नई दिल्ली में एक पर्दा उठाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख हितधारकों और उद्योग के नेताओं ने भाग लिया। प्रमुख अतिथियों में शामिल थे। रमेश मित्तल, अध्यक्ष, कैपेक्सिल नीलेश जेतपरिया , वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सिरेमिक पैनल), कैपेक्सिल और सदस्य-बोर्ड ऑफ ट्रेड (भारत सरकार) हरपाल सिंह, प्रेसिडेंट, कैपेक्सिल, नरेंद्र संगाथ, पश्चिमी क्षेत्र समिति सदस्य, कैपेक्सिल, विशाल आचार्य, वैश्विक व्यापार प्रमुख, वाइब्रेंट बिल्डकॉन, जितेंद्र कथीरिया डायरेक्टर, वाइब्रेंट बिल्डकॉन, विजय अघारा, डायरेक्टर , वाइब्रेंट बिल्डकॉनएक्सपो में 60 से अधिक देशों के खरीदार शामिल होंगे, जिनमें यूएसए, मैक्सिको, ब्राजील, यूके, स्पेन, यूएई और उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

## हवाई अड्डा परिचालकों के लिए वृद्धि 20 प्रतिशत रहेगी : इक्रा

**मुंबई।** भारतीय हवाई अड्डा परिचालकों को चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वृद्धि यात्रियों की संख्या में निरंतर सुधार और शुल्क वृद्धि के साथ-साथ गैर-वैमानिकी राजस्व में वृद्धि के कारण है। कुल हवाई यात्री यातायात सालाना आधार पर सात से नौ प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 44-45 करोड़ तक पहुंच जाएगा। हालांकि, हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि हुई है।इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में कुल यात्री यातायात (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय) 41.2-41.5 करोड़ रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसका अनुमान हवाई अड्डों के एक नमूना सेट पर आधारित है।

**PUBLIC NOTICE**

My husband, Late Sh. Ram Shankar Chaturvedi, S/o Sh. Laxmi Narayan R/o Rana Nagar, Dibiyarpur, Auraiya, UP-206344, had purchased flat No 2004, Tower A2 in Ecovillage 1 Greater Noida, After his death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to my name alone, if anybody/ Financial institute has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days of the Published notice. **Mrs Shyama Devi**
**W/o Lt. Sh. Ram Shankar Chaturvedi**

## पायनियर अर्बन ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आवास की बड़ी पहल प्रोजेक्ट 'अद्वैत' की घोषणा की

**गुरुग्राम।** पायनियरअर्बन लैंड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड भारत के प्रमुख लग्जरी रियल एस्टेट डेवलपरों में एक है। 35 साल से अधिक की विरासत के साथ कम्पनी ने अपने खास प्रोजेक्ट 'अद्वैत' के साथ लग्जरी आवासीय सीनियर लिविंग स्पेस में कदम रखा है। यह प्रोजेक्ट सुप्रसिद्ध जे के ऑर्गनाइजेशन के साथ एक संयुक्त उद्यम है जिसका विकास उसकी रियल एस्टेट शाखा जे के अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड (पूर्व में जे के कॉटन लिमिटेड) के तहत किया जाएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अद्वैत हरियाणा का पहला आईजीबीसी प्लैटिनम-प्रमाणित प्रोजेक्ट है जिसे राज्य की रिटायरमेंट पॉलिसी के तहत लाइसेंस मिला है। इसका मार्गदर्शन जेके सीनियर लिविंग एलएलपी कर रहा है जो इस क्षेत्र में अग्रणी नाम है। अद्वैत गुरुग्राम के मध्य 2.6 एकड़ में फैला है और इस पर 300 करोड़ का बड़ा निवेश है। यह एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट है और 2027 के आरंभ मैं इसमें लोगों के बसने की उम्मीद है। सेक्टर 50, निर्वाणा कंट्री में अवस्थित होने की वजह से यहां गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड (जीसीईआर) से सीधे पहुँचने की सुविधा है। इस प्रोजेक्ट से वरिष्ठ नागरिकों की जिन्दगी को नया मायना मिलने वाला है। सभी आधुनिक सुविधाएं और लक्जरी के संग यह प्रोजेक्ट उन्हें एक बार फिर एक्टिव लाइफस्टाइल देने का वादा करता है।आज वरिष्ठ नागरिक अच्छी कम्युनिटी में जिन्दगी के सुनहरे वर्षों का आनंद लेना चाहते हैं। इस रुझान को देखते हुए रियल एस्टेट सेक्टर में 2030 तक 2.3 मिलियन यूनिट की मांग अपेक्षित है।

## अदाणी समूह के बांड में ब्लैकरॉक फर्म बना सबसे बड़ा निवेशक

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित कोष अदाणी समूह की तरफ से जारी 75 करोड़ डॉलर के निजी बांड के सबसे बड़े ग्राहक बनकर उभरे हैं।

मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि करीब 12 लाख करोड़ डॉलर की संपत्तियों की देखरेख करने वाली अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड निर्गम का एक-तिहाई हिस्सा लिया है। इन बॉन्ड की अवधि तीन से पांच साल की है। ब्लैकरॉक ने अदाणी समूह में यह निवेश ऐसे समय किया है जब कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अभियोग के बाद अदाणी समूह के कुछ शीर्ष अधिकारी जांच के दायरे में हैं।

## मैन+हमेल ने एल्जी के कंप्रेस्ड एयर सिस्टम से लागत में कटौती कर उत्पादन क्षमता बढ़ाई

**नई दिल्ली।** विभिन्न उद्योगों के लिए फिल्ट्रेशन सिस्टम बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी, मैन+हमेल ने एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड (बीएसईः 522074 । एनएसईः एल्जीइक्विप) की अमेरिकी सब्सिडियरी पैटन्स इंक के सहयोग से अपने कंप्रेस्ड एयर सिस्टम को पूरी तरह से अपग्रेड कर लिया है। एल्जी के अत्याधुनिक एयर कंप्रेसर्स और ड्रायर्स से संचालित यह नई प्रणाली मैन+हमेल को न केवल उत्पादन दक्षता बढ़ाने में मदद कर रही है, बल्कि इसके जरिए कंपनी को हर साल 1.6 लाख डॉलर और 2 मिलियन किलोवाट घंटे ऊर्जा की बचत भी हो रही है।मैन+हमेल ऑटोमोटिव, कृषि, निर्माण, डेटा सेंटर, ऊर्जा, खाद्य एवं पेय जैसे कई क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान करती है। इसकी उत्पादन प्रक्रिया कंप्रेस्ड एयर और शुद्ध पानी पर बहुत अधिक निर्भर करती है। लेकिन पुरानी और बार-बार खराब होने वाली प्रणाली के चलते प्रतिदिन 20 से अधिक डाउनटाइम घटनाएं हो रही थीं और हर घंटे लगभग 30 गैलन दूषित पानी भी निकल रहा था, जिससे सालाना लाखों डॉलर की क्षति, उत्पाद देरी, संसाधनों की बर्बादी और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। मैन+हमेल में मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग के सीनियर मैनेजर स्टीवन ओवेन्स कहते हैं, "जब एक एयर सिस्टम फेल होता है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करन, पुत्रः** श्री कन्नू, **पता :** बी–232, सैक्टर–1 रोहिणी, विजय विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 921/2020 U/s 379 / 411 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 921/2020 U/s 379 / 411 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर–पश्चिम)
कोर्ट नं. 105, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4554/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C/ 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **शाहिद उर्फ सिद्दू, पुत्रः शेख बुलबुल, निवासीः गली नंबर 1, गामरी गांव, भजनपुरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 586/2020 U/S 25 Arms Act** के तहत एक मामला **थाना भजनपुरा, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **शाहिद उर्फ सिद्दू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **शाहिद उर्फ सिद्दू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 586/2020 U/S 25 Arms Act, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के आरोपी उक्त **शाहिद उर्फ सिद्दू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
उत्तर पूर्व जिला, कमरा नं.73, पाँचवी मंज़िल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4476/NE/2025
(अदालती मामला)

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए द्वारका में पेश किया "आकाश इनविक्टस कैंपस"- अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली (द्वारका)। परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ "आकाश इनविक्टस कैंपस, सेक्टर 12, द्वारका" का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।



'आकाश इन्विक्टस कैंपस' उन्नत शिक्षण अनुभव के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करता है। यह कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जो केंद्रित और व्यक्तिगत जेईई तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। यह कैंपस दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित करता है, "आकाश इन्विक्टस" लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। 'आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एम एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'आकाश इन्विक्टस" केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है।

## शब्द पहेली - 5833



**बाएँ से दाए**


1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5832 का हल**










# लॉस एंजिल्स ओलंपिक : क्रिकेट में भाग लेंगी छह-छह टीमें, जोड़ी 22 नई पदक स्पर्धाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है।

## 128 वर्ष बाद क्रिकेट की वापसी, 15 सदस्यीय टीम का चयन करेंगी प्रत्येक टीम




### क्वालीफाईंग तरीके की अभी तक पुष्टि नहीं

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है।

### रैंकिंग से मिलेगा प्रवेश

प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश दिया जाएगा।

### पांच नए खेलों की एंट्री

क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फ़ुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं।

### 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी

इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।

खास खबर

## सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रुपये का जुर्माना



**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच 58 रन से जीता था। राजस्थान रॉयल्स की टीम 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई थी। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, उनकी टीम का यह सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'

### गुजरात ने रणनीति पर अच्छे से अमल किया



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। साई सुदर्शन (82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बैडमिंटन : सिंधू और राजावत हारकर बाहर



**निंगबो।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19, 13-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |



| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| निकोलस पूरन | नूर अहमद |
| 288 रन | 11 विकेट |
| लखनऊ | चेन्नई |

## आईपीएल: बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया, कुलदीप-विपराज को 2-2 विकेट

# राहल के आक्रामक 93 रन और स्पिनरों के दम पर दिल्ली ने आरसीबी को हराया

भाषा ▶▶| बेंगलुरू

कुलदीप यादव और विपराज निगम की फिरकी के जादू के बाद केएल राहुल के 53 गेंद में 93 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हरा दिया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को सात विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। जवाब में दिल्ली ने 13 गेंद बाकी रहते चार विकेट पर 169 रन बनाकर जीत दर्ज की। राहुल ने यश दयाल को छक्का जड़कर विजयी रन लिये। राहुल ने 53 गेंद में सात चौकों और छह छक्कों की मदद से 111 रन बनाये। उन्होंने पांचवें विकेट के लिये ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 111 रन की साझेदारी की। स्टब्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल को यश दयाल की गेंद पर रजत पाटीदार ने उस समय जीवनदान दिया जब उन्होंने पांच ही रन बनाये थे। यह आरसीबी पर काफी भारी पड़ा और राहुल ने लेग स्पिनर सुयांश शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को जमकर नसीहत दी। इससे पहले दिल्ली की शुरूआत काफी ख्वाराब रही। चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच से बाहर रहे फाफ डु प्लेसी ने दो रन बनाकर दयाल की गेंद पर पाटीदार को कैच थमा दिया। जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल भी नहीं टिक सके। पावरप्ले के भीतर स्कोर तीन विकेट पर 30 रन था। राहुल ने कप्तान अक्षर पटेल (15) के साथ 28 रन जोड़े। अक्षर ने सुयांश शर्मा की गेंद पर टिम डेविड को कैच थमाया। इससे पहले बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप ने चार ओवर में 17 रन देकर और लेग स्पिनर विपराज ने चार ओवर में 18 रन देकर दो दो विकेट लिये। बेंगलुरू की शुरूआत काफी विस्फोटक रही और तीन ही ओवर में 50 रन बन गए। फिल साल्ट ने सिर्फ 17 गेंद में 37 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने आस्ट्रेलिया के मिचेल को तीसरे ओवर में दो छक्के और तीन चौके जड़कर 24 रन निकाले। वह कोहली के साथ रन लेने के लिये गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। कोहली और साल्ट ने पहले विकेट के लिये 24 गेंद में 61 रन जोड़े।



## कोलकाता पांच बार के चैंपियन चेन्नई को आज देगा चुनौती




**चेन्नई।** लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला हॉकी 26 से करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।

### दो महीने पहले सितंबर में होगा बिली जीन कप

**लंदन।** बिली जीन किंग कप का फाइनल शीर्ष खिलाड़ियों के शेड्यूल को ध्यान में रखकर अब दो महीने पहले सितंबर में आयोजित किया जाएगा। अब यह टूर्नामेंट 16 से 21 सितंबर तक शेंझेन में होगा। अमेरिकी ओपन सात सितंबर को खत्म होगा जिसके बाद डब्लूटीए टूर 24 सितंबर से बीजिंग में चाइना ओपन के जरिए शुरू होगा। बिली जीन किंग कप में गत चैंपियन इटली, मेजबान चीन के साथ छह और टीमें होंगी।

### एक घंटे लेट से शुरू होंगे पीएसएल के मुकाबले

**कराची।** इंडियन प्रीमियर लीग के साथ सीधे प्रसारण समय के टकराव को कम करने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग प्रबंधन ने आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद अपने मैच का समय निर्धारित किया है। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने एक पॉडकास्ट में कहा कि पीएसएल मैच रात 8:00 बजे से शुरू होंगे जो आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद कराया जाएगा। पाकिस्तानी स्थानीय समयानुसार आईपीएल मैच शाम सात बजे शुरू होते हैं। पीएसएल शुक्रवार को रावलपिंडी में शुरू होगा।

क्रिकेट

## नाम 'चाइल्ड'... उम्र 64 साल टी20 में डेब्यू कर रचा इतिहास




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूं तो क्रिकेट में आए दिन एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनते रहते हैं, पर कभी-कभार ऐसा भी हो जाता है जिस पर यकीन करना मुश्किल होता है। किसी मैच में बैटर सबसे तेज शतक या अर्धशतक लगा देते हैं तो कभी गेंदबाज विकेट का अनोखा रिकॉर्ड बना देते हैं।

हालांकि, इसके बाद क्रिकेटर ने गेंद या बल्ले से नहीं बल्कि उम्र का एक रिकॉर्ड बना दिया है। इस महिला क्रिकेटर की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ भी हो रही है। आईपीएल के बीच ऐसा ही एक रिकॉर्ड बन गया है। जोआना चाइल्ड टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गई हैं। 64 साल की चाइल्ड ने 7 अप्रैल को नॉर्वे के खिलाफ अल्बर्गारिया में टी20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मैच में पुर्तगाल के लिए खेला।

चाइल्ड ने फॉकलैंड आइलैंड्स के एंड्र्यू ब्राउनली (62 वर्ष, 145 दिन) और केमैन के मैली मूर (62 वर्ष, 25 दिन) को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह केवल जिब्राल्टर की सैली बार्टन से पीछे हैं, जिन्होंने 66 वर्ष और 334 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

### फीका प्रदर्शन पर पुर्तगाली टीम ने जीती सीरीज

चाइल्ड का डेब्यू में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इस मैच में उनके बल्ले से केवल 2 रन निकले। पुर्तगाल ने 110 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए जीत हासिल की। जोआना को दूसरे और तीसरे टी20 इंटरनेशनल दोनों के लिए प्लेइंग इलेवन में रखा गया, जिससे उनकी टीम को नॉर्वे पर 2-1 से सीरीज जीतने में मदद मिली। सोशल मीडिया पर फैंस जोआना चाइल्ड की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जोआना पुर्तगाली टीम का हिस्सा थीं। टीम में 15 वर्षीय इशरीत चीमा, 16 साल की मरियम वसीम और 16 वर्षीय अफशीन अहमद भी शामिल थी।

## वीजा में देरी के कारण में पदक से हाथ धोना पड़ा

**कोलकाता।** भारतीय कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा कि देश की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम वीजा में देरी के कारण अमेरिका में सत्र के पहले विश्व कप चरण एक टूर्नामेंट में नहीं खेल सकी जिससे टीम को पदक से हाथ धोना पड़ा। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने 2024 में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। इसकी तीन सदस्य विश्व चैंपियन अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। तेजा खुद अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से यह पदक से चूकने जैसा था। हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की शत प्रतिशत संभावना थी। हमने पिछले साल शंघाई, येचियोन और अंताल्या में आयोजित विश्व कप के सभी तीन स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन दुर्भाग्य से वीजा में देरी के कारण हम इस बार अपना खिताब नहीं बचा सके।'

# लेवांडोव्स्की ने दिलाई बार्सिलोना को बड़ी जीत, पीएसजी भी जीता

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया।

मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया। क्वारात्सखेलिया ने इस मैच में मध्यांतर के चार मिनट बाद पीएसजी को आगे कर दिया। फ्रांस की टीम की तरफ से लेफ्ट बैक नूनो मेंडेस ने स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया।

## 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक से 75 किग्रा भार वर्ग हटाया

# ओलंपिक: 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की। नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। घटनाक्रम से हैरान लवलीना ने गुवाहाटी से कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।' उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा ने कहा, 'इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं।

अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में लड़ सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।' वर्तमान में, बोरगोहेन का प्राकृतिक वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है।

### आईओसी के नए वजन वर्ग

*मुक्केबाजी को पिछले महीने ही 2028 ओलंपिक में शामिल करने की पुष्टि की गई थी। मुक्केबाजी में पहली बार पुरुषों और महिलाओं की समान संख्या (प्रत्येक में सात) शामिल होंगी। नई ओलंपिक महिला श्रेणियों में 51 किग्रा (फ्लाईवेट), 54 किग्रा (बैंथमवेट), 57 किग्रा (फेदरवेट), 60 किग्रा (लाइटवेट), 65 किग्रा (वेल्टरवेट), 70 किग्रा (लाइट मिडिलवेट) और 80 किग्रा से अधिक (हैवीवेट) शामिल हैं। ओलंपिक के लिए पुरुषों की नई वजन श्रेणियां 55 किग्रा (बैंथमवेट), 60 किग्रा (लाइटवेट), 65 किग्रा (वेल्टरवेट), 70 किग्रा (लाइट मिडिलवेट), 80 किग्रा (लाइट हैवीवेट), 90 किग्रा (हैवीवेट) और 90 किग्रा से अधिक (सुपर हैवीवेट) हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# 'फाइव ए' पर ध्यान केंद्रित कर भावी चुनौतियों से दो-दो हाथ करें सैन्य अधिकारी: राजनाथ

### तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई), स्पेस तकनीक और क्वांटम कम्प्यूटिंग के साथ तेजी से बदलती दुनिया के बीच अब भारत सरकार ने भी तीनों सशस्त्र सेनाओं को शत-प्रतिशत उन्नत तकनीक से लैस करने का मन बना लिया है। जिसमें उसका यह भी मानना है कि सैन्य बलों को संयुक्त रूप से काम करने के अलावा वर्तमान में लगातार विकसित होते बहु-क्षेत्रीय वातावरण में भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। जहां पारंपरिक अभियानों की तरह ही साइबर और अंतरिक्ष-सूचना युद्ध भी शक्तिशाली हैं। आज की दुनिया ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध की है। जिसमें बिना गोली चलाए रणनीतिक-सैन्य लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। तमिलनाडु के वेलिंगटन में गुरुवार को डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह जानकारी दी। जिसे लेकर रक्षा मंत्रालय ने एक विस्तृत बयान जारी किया।

समारोह में भारत और उसके मित्र देशों के अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने सभी से जागरूकता, क्षमता, अनुकूलनशीलता, दक्षता और दूत जैसे 'फाइव ए' पर ध्यान केंद्रित करते हुए भावी चुनौतियों से मुकाबला करने पर बल दिया। 80वें स्टाफ कोर्स में 479 अधिकारी शामिल हैं। इनमें भारत के 26 मित्र देशों के 38 अधिकारी भी हैं। जबकि महिला अधिकारियों की संख्या तीन है।



#### यूं एक नए उच्च स्तर तक पहुंचता युद्ध

*उन्होंने कहा कि बदले हुए परिदृश्य में भारत को अपनी सीमाओं पर लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है। जो उसके पड़ोस से उत्पन्न छद्म युद्ध और आतंकवाद की चुनौती से भी जटिल हो गए हैं। एआई व अन्य उभरती हुई तकनीक प्रतिरोध और लड़ाई में क्रांति ला रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में ड्रोन एक नए हथियार के रूप में उभरे हैं। जिन्होंने पारंपरिक तोपखाने और कवच से इतर सैनिकों और उनके उपकरणों को अधिकांश नुकसान पहुंचाया है। ठीक इसी प्रकार से लो अर्थ आर्बिट में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य खुफिया, निरंतर निगरानी, स्थिति-लक्ष्य निर्धारण और संचार के बदलते हुए युद्ध को एक नए उच्च स्तर तक ले जा रही हैं।*

**परिवर्तनों संग तेजी से आगे बढ़ें**

प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों के अलावा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनावों का समग्र सुरक्षा परिदृश्य पर प्रभाव पड़ता है। इस बीच भावी युद्धों में सक्षम और प्रासंगिक बने रहने के लिए सशस्त्र बलों के परिवर्तन को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। पीएम का 2047 का विकसित भारत का विजन सुरक्षित और सशक्त भारत पर मजबूती से टिका हुआ है।

#### रक्षा इकोसिस्टम बना आवश्यकता

रक्षा मंत्री ने कहा, भविष्य के लिए तैयार स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण करना हमारी एक रणनीतिक आवश्यकता है। वर्तमान की भू-राजनीति तीन प्रमुख मानदंडों द्वारा फिर से परिभाषित की जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में व्यापक तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी इसका हिस्सा हैं। सैन्य अधिकारियों को रणनीतिक-सैन्य परिवर्तन के मोड़ पर बढ़त बनाने के लिए इन प्रवृत्तियों का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल के रूप में बदलने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उक्त संघर्ष हमें सिखाते हैं कि एक सुदृढ़, स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार रक्षा प्रौद्योगिकी विनिर्माण इकोसिस्टम का निर्माण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता है।

#### संस्थान से स्नातक हुए 21 हजार अधिकारी

आंकड़ों के हिसाब से बीते कुछ वर्षों में संस्थान से कुल 21 हजार अधिकारी स्नातक हुए हैं। जिनमें 19 हजार से अधिक भारतीय और 2 हजार अंतरराष्ट्रीय अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों को भविष्य के नेताओं के लिए आवश्यक क्षमता, कौशल चाहिए। कल के जंग के मैदान में ऐसे नेताओं की जरूरत होगी। जो अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल हो सकें, अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सकें व अभिनव समाधान प्रस्तुत कर सकें। म्यांमार, थाईलैंड में आए भूकंप का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, भारत संकट के समय पर हमेशा सबसे पहले अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है।

**विदेश मंत्री आज करेंगे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित**

# वैश्विक तकनीक सम्मेलन से मिलेगी समावेशी विकास को मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जियो-तकनीक को लेकर भारत के फ्लैगशिप संवाद से जुड़े 'वैश्विक तकनीक सम्मेलन-25' (जीटीएस) के उद्घाटन सत्र को शुक्रवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करेंगे। औपचारिक रूप से इस तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 10 अप्रैल से हो गई है। इस वर्ष इसका नौवां संस्करण है, जिसकी सह-मेजबानी विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि 2025 की जीटीएस की थीम 'संभावना' रखी गई है। जिसके जरिए यह देखने-समझने की कोशिश की जाएगी कि कैसे तकनीक की मदद से समावेशी विकास, डिजिटल गवर्नेंस की मजबूती और सीमा पार भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है? सम्मेलन में दुनिया के 40 देशों के 150 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। जीटीएस के केंद्र में दुनिया के सामने खड़ी तकनीक से जुड़ी हुई चुनौतियां और अवसर भी होंगे।



#### यह देश होंगे जीटीएस में शामिल

*भागीदार देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, यूएई, ब्राजील, यूरोपीय संघ, फिलीपींस और नीदरलैंड जैसे देश शामिल हैं। 12 अप्रैल को विदेश सचिव विक्रम मिस्री सम्मेलन में भाग लेंगे। बताते चलें कि वर्ष 2016 में इस सम्मेलन की शुरुआत के साथ ही यह वैश्विक तकनीक ट्रेंड, रोजगार निर्माण पर उनके प्रभाव और नवाचार को संतुलित करने के लिए नियमों के साथ ली गई सीख से जुड़ा रहा। जबकि इसकी प्रमुख थीम डिजिटल नवाचार, ऑटोमेशन और आपस में जुड़ी हुई दुनिया में भारत की भूमिका जैसे विषयों पर केंद्रित रही।*

**ग्लोबल साउथ क्षेत्र को होगा लाभ**

जीटीएस में आयोजित किए जाने वाले सत्रों में शामिल जटिल विषयों में एआई गवर्नेंस, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा प्रोटेक्शन, साइबर-स्पेस सिक्योरिटी और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ उभरती हुई तकनीक को लेकर सहयोग बढ़ाना शामिल है। यह आयोजन अगली पीढ़ी की आवाज को भी सबके सामने रखेगी। युवा एंबेस्डर प्रोग्राम के जरिए छात्र और युवा व्यवसायी देश भर में सीधे नीति संवाद में भागीदारी कर सकेंगे।

#### इन विषयों पर होगी चर्चा

सम्मेलन की 2025 की संभावना थीम के साथ केन पॉलिटिक्स मीट आपूच्युनिटीः द फ्यूचर ऑफ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप, एआईः अ रियलिटी चेक, संभावनाः द स्टेट ऑफ जियोपोलिटिक्स ऑफ टेक्नोलॉजी, टेक ब्रिजेजः इंडिया-ईयू टेक कॉपरेशन एंड डिमिस्टिफाइंग, डीपसीकः द फ्यूचर ऑफ एआई जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। जीटीएस में सरकार, उद्योग, अकेडमिया और सोशल सोसायटी के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिलेगी।
इन चर्चाओं से अंतरराष्ट्रीय तकनीक से जुड़ी चर्चाओं के जरिए नवाचार, लचीलापन और वैश्विक सहयोग को आकार देने में मदद मिलेगी।

# भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच पुंछ में एलओसी पर हुई फ्लैग मीटिंग

### भारत ने पाकिस्तान के सामने घुसपैठ, संघर्षविराम उल्लंघन, आईईडी धमाकों को लेकर जताई सख्त नाराजगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोड़े जा रहे संघर्षविराम समझौते, आतंकी घुसपैठ की कोशिशों और आईईडी धमाकों के मामले को लेकर गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के समक्ष जोरदार अंदाज में अपनी नाराजगी जाहिर की।

मतलब साफ है कि अब अगर पाकिस्तान ने एलओसी पर फिर से कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे उसका भारतीय सेना द्वारा तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच 10 अप्रैल को पुंछ जिले के चकंदा बाग में एक फ्लैग मीटिंग हुई। जो कुल करीब एक घंटे तक चली और उसमें भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व सेना के ब्रिगेडियर रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि एलओसी पर उक्त घटनाक्रम के मध्य दोनों पक्षों के बीच हुई यह दूसरी बैठक थी। जिसमें सीमा प्रबंधन से जुड़े हुए सभी जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उधर, सूत्रों ने बताया कि इस फ्लैग मीटिंग के लिए पाकिस्तान की तरफ से भारत से अनुरोध किया गया था। जिसे उसने स्वीकार किया।

#### समझौते के बाद बंद थी गोलीबारी

भारत और पाकिस्तान के बीच 25 फरवरी 2021 में संघर्षविराम समझौते का नवीनीकरण किया गया था। उसके बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच एलओसी पर संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाएं फिलहाल देखने को नहीं मिल रही थीं। लेकिन अब अचानक इनसे जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि चकंदा बाग में हुई फ्लैग मीटिंग एलओसी और सीमा प्रबंधन प्रक्रिया के तहत आयोजित की गई एक सामान्य बैठक थी। जिसका आयोजन दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बनी सहमति के आधार पर किया गया।

#### नापाक गतिविधियों से बढ़ता तनाव

एलओसी पर पाकिस्तान की तरफ से इस साल के शुरुआती फरवरी महीने से कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। इनमें 11 फरवरी को जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के करीब आतंकियों की संदेहास्पद गतिविधियों के अलावा एक आईईडी धमाका भी हुआ। जिसमें एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। घटना के बाद पाकिस्तान ने एलओसी के ही कृष्णा घाटी सेक्टर में संघर्षविराम का उल्लंघन किया। 13 फरवरी को पाक सेना ने बिना किसी उकसावे के संघर्षविराम तोड़ते हुए पुंछ में एलओसी पर भारतीय सेना की चौकियों को निशाना बनाया। जिसका इलाके में पूरी मुस्तैदी से तैनात भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

#### शांति का ढोंग करता पाक

मौजूदा अप्रैल महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर से एलओसी पर संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेनाओं की चौकियां पर गोलीबारी की थी। जबकि पूर्व में पुंछ में बारूदी सुरंग फटने की घटना भी सामने आ चुकी है। 2 अप्रैल को पाक सेना की हिंसात्मक कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराने के लिए दोनों सेनाओं के बीच चकंदा बाग में ही ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है। जो करीब 75 मिनट तक चली और उसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति स्थापित करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। लेकिन इन सबके बाद भी एलओसी पर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**